सूर्योदय 5:56 सूर्यास्त 6:41
मुज़फ़्फ़रनगर
अधिकतम 32.0
न्यूनतम 22.9

इस अफसोस के साथ मत उठो कि कल तुम कुछ हासिल नहीं कर पाए, ये सोचते हुए जागो कि आज तुम क्या हासिल कर सकते हो।

49 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2019-21 | मूल्य 1/-

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | सम्पर्क सूत्र: ( कार्यालय ) 9368549219
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

वर्ष-49 | अंक-241 | बुधवार 01 सितम्बर, 2021 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-दशमी, सम्वत् 2078 | पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है**



अगर सरकार नहीं बनी तो अपने गांव के ग़रीबों का बिल खुद भरते रहूंगा....

# उठो बेटा, आज डेढ़ साल बाद स्कूल जाना है

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। कोरोना काल को चलते एक ओर जहां करीब डेढ़ वर्ष हो चुका है, वहीं स्कूली सत्र भी आनलाइन के भरोसे ही चल रहे हैं। आज १ सितम्बर को सरकार द्वारा कक्षा १ से ५ तक के स्कूलों को खोलने के आदेश जारी किये जा चुके हैं। हालांकि इससे पहले २३ अगस्त को कक्षा–८ तक व २३ अगस्त से पहले कक्षा ६ से १२ तक के स्कूल व कॉलेज खोले जा चुके हैं। अब देखना यह होगा कि १ सितम्बर से सबसे छोटी कक्षाओं १ से ५ तक के जारी किए गए आदेशों के बाद कितने कितने प्रतिशत अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं। अभिभावकों की मानें तो अभी भी ५० फीसदी अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने से घबराए हुए हैं। स्कूल खुलने के पहले दिन कई तरह के अनुभव अभिभावकों के सामने भी आते दिखाई देंगे कि उनके बच्चे और दिनों की तरह सोए रहते हैं या फिर स्कूल जाने के लिए समय से उठ जाते हैं। कहने को तो अभिभावक और बच्चे दोनों ही घर में पड़े–पड़े परेशान हो चुके हैं। एक ओर घर में मम्मियां बच्चों से तंग आ चुकी हैं तो दूसरी ओर बच्चे भी मम्मियों से तंग आ गए हैं। सोशल मीडिया पर इन दिनों बच्चों और मम्मियों की तस्वीरें भी वायरल होती दिख रही हैं, जिनमें कहीं बच्चे तो कहीं अभिभावक बच्चों से तंग हैं, मगर आज जब स्कूल खुल रहे हैं तो अभिभावकों के दिलों में एक बार फिर वही असमंजस की स्थिति देखी जा रही है कि बच्चों को स्कूल भेजें या न भेजें, क्योंकि नन्हें बच्चों के जीवन के साथ कोई भी खिलवाड़ करने को तैयार नहीं है, भले ही मम्मी–पापा पिछले डेढ़ साल में बच्चों को तरह–तरह की गालियों से नवाज रहे हों, मगर फिर भी जब स्कूल भेजने का वक्त आता है तो मम्मी–पापा का दिल छोटा होने लगता है, क्योंकि हाल ही में एक साथ कई–कई बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाए गए। कहीं महाराष्ट्र में २०० बच्चे तो कहीं किसी और राज्य में ५७ बच्चे एक साथ कोरोना पॉजिटिव मिलने से अभिभावकों के दिल की घबराहट अभी गयी नहीं है। ऐसे में आज १ सितम्बर को देखने वाली बात यही होगी कि कितने फीसदी अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजेंगे या फिर पहले की तरह अभी ऑनलाइन क्लास की अपील ही करेंगे। कुछ लोगों ने अभी भी कक्षा १ से ५ तक के स्कूलों को खोलने से रोकने के लिए हाईकोर्ट में अपील याचिका दायर कर रखी है, जिसका फैसला इसी सप्ताह आने की सम्भावनाएं बताई जा रही हैं। कुल मिलाकर १ सितम्बर को यही देखने वाली बात होगी कि कितने प्रतिशत बच्चे स्कूल पहुंचते हैं।



राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में 5 सितम्बर को होने वाली किसान पंचायत के लिए लगाया जा रहा ऐतिहासिक पंडाल

## आर्थिक गतिविधियां पटरी पर, जीडीपी में तीव्र बढ़ोतरी

नयी दिल्ली 31 अगस्त ( वार्ता ) आर्थिक गतिविधियों के मोर्चे पर आज सरकार के लिए राहत की बात रही है कि कोरोना की दूसरी लहर से निपटने के लिए लगाये गये कठोर लॉकडाउन के प्रभावों से उबरते हुये भारतीय अर्थव्यवस्था तीव्र वृद्धि के मार्ग पर असग्रर हो गयी है क्योंकि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद ( जीडीपी ) 20.1 फीसदी की दर से बढ़ी है और इस वर्ष जुलाई में आठ बुनियादी उद्योगों के उत्पादन में पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 9.4 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कठोर लॉकडाउन की वजह से जीडीपी में 24.4 प्रतिशत की ऋणात्मक बढोतरी हुयी थी।

## महिला की आत्महत्या व वीडियो वायरल मामले में मुख्य अभियुक्त को भेजा जेल

भोपा, ३१ अगस्त (बु.)। महिला की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी व मृतका के देवर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त के पास से वायरल वीडियो के लिए प्रयुक्त किया गया। मोबाईल भी बरामद किया गया है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने चार दिन पूर्व जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। मरने से पूर्व महिला ने भोपा पुलिस पर कार्रवाई न करने पर आत्महत्या करने की चेतावनी देकर एक वीडियो को वायरल किया था। उसके बाद महिला की अश्लील वीडियो आरोपी द्वारा वायरल कर दी गयी, जिससे क्षुब्ध होकर पीड़िता ने आत्महत्या कर ली थी। महिला की मौत के बाद उसके भाई ने चार व्यक्तियों के खिलाफ थाने पर मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दो आरोपी महिलाओं ननंद गुलफशा व सास परवशी को जेल भेज दिया। मंगलवार को पुलिस ने तीसरे व मुख्य आरोपी देवर फिरोज को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह नंगला बुजुर्ग गंगनहर पुल चौराहे के पास फरार होने की तलाश में था। अभियुक्त के पास से एक एन्ड्रॉयड मोबाईल भी बरामद किया गया, जिससे मृतका की अश्लील वीडियो वायरल करने में प्रयुक्त किया गया था। पुलिस को अभी चौथे आरोपी मृतका के पति शहजाद की तलाश है। मृतका तलाकशुदा विवाहिता थी। १८ माह के दूध मुंहे बच्चे को छीनने को लेकर गत १८ अगस्त को भोपा थाने पर तहरीर दी थी तथा अश्लील वीडियो के वायरल करने के सम्बंध में गत २५ अगस्त को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई थी। कार्रवाई न करने व महिला की आत्महत्या करने से भोपा पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गये, जिसके परिणामस्वरूप सोमवार की शाम थाना प्रभारी निरीक्षक दीपक चतुर्वेदी को मामले में लापरवाही बरतने को लेकर लाईन हाजिर किया गया है। उनके स्थान पर सुभाष बाबू अत्री को थाना प्रभारी निरीक्षक के रूप में तैनात किया गया है।

## रात्रि 9 बजे की सख्ती हुई लागू, पुलिस ने फूड प्वॉइंट कराये बंद

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। रात्रि १० बजे के बाद अब योगी सरकार द्वारा ६ बजे बाजार बंदी के आदेश सख्ती से लागू करा दिये गये। हालांकि लोगों को अभी यह नहीं समझ आ रहा कि एकाएक सबकुछ ठीकठाक चलते अचानक सरकार को फिर एक बार सख्ती करने की क्या आवश्यकता पड़ गयी है। कुछ लोगों को यह महसूस हो रहा है कि कहीं एक बार फिर कोरोना की तीसरी लहर ने दस्तक तो नहीं दे दी, जिसकी घोषणा तो सरकार नहीं कर पा रही, मगर अंदर खाने सावधानी अवश्य बरत रही है। मंगलवार को भी ठीक ६ बजते ही पुलिस द्वारा फूड प्वॉइंट टाऊन हॉल के बाहर व मिनाक्षी चौक पर सख्ती बरती देखी गयी। पुलिस ने फास्ड फूड खा रहे लोगों को भी ६ बजे ही खदेड़ना शुरू कर दिया और पुलिस की सख्ती के आगे किसी की कुछ नहीं चली। रेहड़ों वालों को आधा सामान घर वापस ले जाना पड़ा। वहीं दूसरी ओर रात्रि ६ बजे वाली सख्ती से विवाह समारोह करने वाले लोगों को फिर से तकलीफ हो रही है। विवाह समारोह करने वाले फिर एक बार लोगों से पूछ रहे हैं कि अब रात्रि में विवाह समारोह हो पायेंगे अथवा नहीं। ऐसे में बैंकट हॉल मालिकों के काम पर भी फिर एक बार असर पड़ता दिखाई दे रहा है। बैंकट हॉल मालिकों का कहना है कि रात्रि की सख्ती होने से अब उनके पास बुकिंग पहले से कम आ रही है और प्रत्येक व्यक्ति यही सवाल करता है कि यदि शादी करते समय पुलिस आ गई, तो उसकी जवाबदेही किसकी होगी। कुल मिलाकर रात्रि ६ बजे की सख्ती फिर एक बार आमजन के लिए सिरदर्द बनती देखी जा रही है।

## भारतीय किसान यूनियन की ऐतिहासिक पंडाल व्यवस्था, शहर में 2 दिन तक रहेगी अफरा–तफरी

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत ने स्वयं पहुंचकर ५ सितम्बर को होने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लिया। भाकियू द्वारा कराई जा रही टैंट व्यवस्था को देखकर हरेक व्यक्ति दंग नजर आ रहा है, क्योंकि ऐसी ऐतिहासिक व्यवस्था न पहले कभी किसी ने देखी है और न आने वाले समय में देख पाएंगे। लोग बताते हैं कि चौधरी साहब के जमाने में कभी इतनी भीड़ देखी गयी होगी, जितनी भीड़ ५ सितम्बर को होने वाली किसान पंचायत में उमड़ने की सम्भावना है। बताया जा रहा है कि कई लाख लोग तो पंजाब, हरियाणा, उत्तराखण्ड से आने की उम्मीद है और लाखों लोग मुजफ्फरनगर जनपद के साथ–साथ बागपत, बड़ौत, बिजनौर, सहारनपुर, मेरठ, मोदीनगर, मुरादनगर, शामली आदि से किसान पंचायत में उमड़ने की सम्भावना है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो इसी आशंका के चलते राजकीय इण्टर कॉलेज के मैदान में १ गज जगह भी ऐसी नहीं दिख रही जहां टैंट न लगाया गया हो। मंगलवार को स्वयं चौधरी नरेश टिकैत अपने काफिले के साथ यहां पहुंचे और प्रत्येक व्यवस्था पर बारीकी से चर्चा की। खाना, चाय, पानी कहां–कहां, किस–किस तरह से परोसा जाएगा, इस बात की जानकारी भी स्वयं चौ. नरेश टिकैत ने ली। हालांकि रोडवेज स्थित श्री गुरूसिंह सभा द्वारा किसानों की सेवा के लिए खाने, पानी का आश्वासन के लंगर का आश्वासन दिया जा चुका है। अब देखना यह होगा कि ५ सितम्बर की किसान पंचायत में कितना बड़ा जनसैलाब उमड़ता है और पुलिस प्रशासन इसे किस तरह से संभालता है। लोगों के मन में अभी से तरह–तरह के सवाल खड़े होने लगे हैं। आम लोग मान रहे हैं कि ५ सितम्बर को होने जा रही किसान पंचायत में दो दिन तक अफरा तफरी का माहौल रहेगा, क्योंकि दूर–दराज से आने वाले किसान एक रात पहले ही जनपद में अपना बसेरा कर लेंगे। ऐसे में उनकी व्यवस्थाओं को संभालना हंसी–खेल न होगा। वह व्यवस्थाएं चाहे किसान नेताओं के द्वारा की जानी हों या फिर पुलिस व प्रशासन द्वारा। दोनों के लिए ही यह किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं है, मगर उक्त किसान पंचायत से शहर का व्यक्ति अभी से भयभीत दिखाई पड़ रहा है। शहरी लोगों का मानना है कि आगामी ४ व ५ सितम्बर को शहर पूरी तरह जाम की चपेट में रहेगा, इसलिए घरों से निकलना भी दूभर रहेगा। ऐसा मानों कि ५ सितम्बर को बाजार खुलना या न खुलना एक समान होगा।



व्यवस्थाओं का जायजा लेते चौ. नरेश टिकैत

## किसान पंचायत के चलते अतिरिक्त फोर्स की मांग

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। ५ सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में भारतीय किसान यूनियन द्वारा आहूत किसान महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। कानून व्यवस्था न बिगड़ पाए, इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई है। गौरतलब है कि कृषि कानूनों के विरोध में आंदोलनरत भारतीय किसान यूनियन ने ५ सितंबर को राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में महापंचायत आहूत की है। इस पंचायत में बड़ी तादाद में किसानों के जुटने की संभावना है, जिसके चलते पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। महापंचायत के दौरान कानून व्यवस्था न बिगड़ पाए, इसके लिए पुलिस प्रशासन रणनीति बनाने में जुटा है। एसएसपी कार्यालय के सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि महापंचायत के लिए ५ कंपनी पीएसी व २ कंपनी आरआरएफ के अलावा जोन के सभी जनपदों से अतिरिक्त फोर्स भेजने की मांग की गई है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर के सभी चौराहों के अलावा शहर के प्रवेश वाले मार्गों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। किसानों के वाहनों को शहर में प्रवेश की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसानों के वाहन पंचायत स्थल पर वहलना चौक से सुजडू चुंगी और सर्कुलर रोड होते हुए राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में पहुंचेंगे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना का सच उजागर, तो दौड़े अफसर

- अजय पाल के साथ दोनों भाइयों को मिलेगा आवास
- मुख्यमंत्री के साथ हुई वार्ता में सुनाया था दुखड़ा

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। पीएम आवास योजना शहरी के पात्रों को सहायता दिए जाने के कार्यक्रम में सोमवार को एनआईसी कक्ष में पीएम स्वनिधि योजना के पात्रों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बात की। इस दौरान मुजफ्फरनगर के एक लाभार्थी से हुई मुख्यमंत्री से वार्ता में सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए हुई चर्चा के बीच कई योजनाओं का लाभ पाने वाले अजय पाल ने मुख्यमंत्री से पीएम आवास योजना शहरी से वंचित रहने की बात कही तो उसकी किस्मत ही बदल गई। अपने तीन भाइयों के साथ पैतृक मकान में रह रहे परिवार का सच जानने को अधिकारियों की टीम उसके घर पहुंच गई।

पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थी अजय कुमार पुत्र सत्य पाल सिंह पाल आनन्दपुरी के निवासी हैं, जिन्हें सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से सीधी बात करने का मौका मिला। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एनआईसी कक्ष में अजय पाल ने मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान सरकारी योजनाओं का परिवार को मिल रहे लाभ के बारे में सच उजागर कर दिया। अजय पाल ने मुख्यमंत्री को बताया था कि हम लोग पिताजी के पैतृक मकान में रहते हैं, इस मकान में हम तीन भाइयों का परिवार रहता है। हालांकि अजय ने स्वीकार किया कि हमें सरकार द्वारा दी जाने वाली योजनाओं में मुफ्त गैस कनेक्शन, जन धन योजना व खाद्यान्न महीने में दो बार में मिलता है, लेकिन शहरी पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिला है। अजय की मुख्यमंत्री तक पहुंचाई फरियाद का असर यह हुआ कि

शेष : पृष्ठ ४ पर



## राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और खेल मंत्री ने सिंहराज को पदक जीतने पर दी बधाई

नयी दिल्ली, 31 अगस्त ( वार्ता ) राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने मंगलवार को टोक्यो पैरालंपिक में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 श्रेणी स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज सिंहराज अदानाको बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री कोविंद ने ट्वीट में कहा, '' सिंहराज अदाना का पैरालंपिक खेलों में निशानेबाजी में कांस्य पदक जीतना उत्कृष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनके लचीलेपन और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। इस अदभुत उपलब्धि के लिए आपको बधाई। देश को आप पर गर्व है। आने वाले वर्षों में आप और अधिक गौरव प्राप्त करें। '' वहीं पदक जीतने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंहराज की काफी प्रशंसा की और उन्हें प्रतिभाशाली निशानेबाज बताया। उन्होंने ट्वीट में कहा, '' भारत के प्रतिभाशाली निशानेबाज सिंहराज अदाना ने असाधारण प्रदर्शन की बदौलत कांस्य पदक जीता है। उन्होंने कड़ी मेहनत की है और उल्लेखनीय सफलताएं हासिल की हैं। उन्हें बधाई और आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने ट्वीट संदेश में कहा, सफलता के लिए उम्र कोई बाधा नहीं है। निशानेबाज सिंहराज अदाना ने पैरालंपिक खेलों में पहली बार भाग लेते हुए पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 39 वर्ष की उम्र में कांस्य जीता है। उन्हें बधाई और शुभकामनाएं।

## डकैत को दस वर्ष की कैद व 30 हजार रुपये का जुर्माना

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। थाना नई मंडी इलाके में अपने साथियों के साथ घर में घुसकर परिजनों को बंधक बनाकर डकैती डालने के मामले में आरोपी आबिद पुत्र यासीन निवासी ग्राम धनेड़ा को अदालत ने धारा 395 के तहत दोषी मानते हुए दस वर्ष की कैद व 30 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न किए जाने पर 9 माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। मामले की सुनवाई एडीजे 12 छोटेलाल यादव की कोर्ट में हुई अभियोजन की ओर से एडीजीसी किरणपाल कश्यप ने पैरवी की। मामले की सुनवाई के चलते आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया था, इसके बाद उसके बयानों के आधार पर उसे दोषी सिद्ध घोषित किया गया। अभियोजन की कहानी के अनुसार एक जुलाई 2009 को थाना नई मंडी इलाके में सशस्त्र बदमाशों ने घर में घुसकर परिजनों को एक कमरे में बद कर दिया और अलमारियों की चाबियां लेकर सोने के जेवर 60 हजार नकद व 3 मोबाइल लूट ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। जांच में आबिद का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने चार्जशीट अदालत में दाखिल कर दी थी। सुनवाई के दौरान आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया था। आज अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए 10 वर्ष की कैद व 30 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## ट्यूशन फीस को लेकर हुआ कूकड़ा में संघर्ष

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। ट्यूशन के पैसों को लेकर शिक्षक व छात्र के परिजनों के बीच हुई कहासुनी ने संघर्ष का रूप ले लिया। जमकर हुई मारपीट में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांव कूकड़ा के अमित विहार निवासी हरबीर का बेटा सनी मौहल्ले में ही सोनू के यहां ट्यूशन पढ़ता था। सोनू के ट्यूशन फीस के कुछ रुपये सनी पर बकाया था, जिसे लेकर हरबीर व सोनू के बीच मंगलवार को कुछ कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। संघर्ष में दोनों पक्षों से ममता और सोहनलाल सिर फटने से लहूलुहान हो गए, जबकि कई अन्य लोगों को भी चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत करते हुए दोनों ओर से तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। इनमें हरबीर, सोहनलाल और मोहन पाल शामिल हैं। तीनों आरोपियों का बाद में शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। उधर, मौहल्ला गांधीनगर निवासी आशु गुप्ता और गांव शेरनगर निवासी सोनू का भी पुलिस ने राहगीरों से मारपीट किए जाने पर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया है।

## पुलिसकर्मियों ने अधिवक्ता की पत्नी की कार ठोकी

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। पुलिसकर्मियों की बाइक की टक्कर से एक वरिष्ठ अधिवक्ता की पत्नी क कार क्षतिग्रस्त हो गई। घटना को लेकर वकीलों ने नई मंडी थाने में हंगामा किया। सूत्रों के अनुसार नई मंडी क्षेत्र निवासी एक वरिष्ठ अधिवक्ता की पत्नी व बेटी मंगलवार दोपहर कार से मार्केट जाने के लिए निकली थी। जैसे ही वे माल रोड से निकलकर थाने के बगल वाली रोड पर पहुंची, थाने से किसी बंदी को लेकर निकलते पुलिसकर्मियों की बाइक कार से टकरा गई। हादसे में अधिवक्ता की पत्नी की कार काफी क्षतिग्रस्त हो गई। यह देख पुलिसकर्मी तो बाइक लेकर वहां से रफूचक्कर हो गए, लेकिन अधिवक्ता की पत्नी ने थाने में पहुंचकर हंगामा कर दिया। सूचना पर कचहरी परिसर से भी कई अधिवक्ता मौके पर पहुंचे और आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और क्षतिग्रस्त कार ठीक कराने की मांग की। हंगामा बढ़ता देख इंस्पेक्टर अनिल कप्परवान ने क्षतिग्रस्त कार ठीक कराने का आश्वासन देकर अधिवक्ताओं को शांत किया।

## शराब पीने से रोकने के दौरान गोली चलने से हुई पिता की मौत

शामली, 31 अगस्त ( बु. )। झिंझाना के डेरा अजीजपुर में पिता की गैर इरादतन हत्या के आरोपी पुत्र को पुलिस ने पकड़ लिया है। आरोपी द्वारा शराब पीने से रोकने के दौरान छीना-झपटी में तमंचे से फायर में गोली चलने से उसके पिता की मृत्यु हुई। गत् 29 अगस्त की रात्रि में झिंझाना थाने के डेरा अजीजपुर में एक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान कुलवन्त सिंह पुत्र बलकार निवासी डेरा अजीजपुर के रूप में हुई। हत्या के सम्बंध में मृतक की पत्नी दलजीत कौर ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पुलिस अधीक्षक ने घटनास्थल का दौरा कर अपचारी किशोर को शीघ्र हिरासत में लेने के निर्देश दिये। झिंझाना पुलिस ने घटना में लिप्त अपचारी किशोर को गैर इरादतन हत्या में प्रयुक्त अवैध हथियार सहित हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा हिरासत में लिये गये अपचारी किशोर से पूछने पर बताया कि उसका पिता शराब पीने का आदी था। जिस कारण घर में काफी परेशानी होती थी। उसके मना करने पर भी वह नहीं मानता था। घटना वाले दिन भी उसका पिता शराब पी रहा था। उसने शराब पीने से अपने पिता को रोका, तो वह उसे तमंचा दिखाने लगा। तमंचे को छीनने के लिए वह अपने पिता की तरफ झपटा और तमंचा छीनने का प्रयास किया। तमंचा लोडेड था। इस छीना झपटी में तमंचे से गोली चल गई, जो उसके पिता को लगी, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।





शाहपुर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभा यात्रा के अवसर पर पालकी पूजन एवं श्री आदर्श रामलीला के झंडा पूजन शोभायात्रा में शामिल झांकियां, गांव पलड़ी में शोभायात्रा के शुभारंभ का दृश्य एवं कान्हा के वेशभूषा में नन्हे मुन्ने बच्चे। –फोटो बुलेटिन

# शाहपुर में भगवान कृष्ण की भव्य शोभायात्रा ने मनमोहा एवं रामलीला के झंडे का पूजन

## –आकर्षक झांकियों एवं आतिशबाजी ने मंत्रमुग्ध कर दिया –सुरक्षा के किए गए थे कड़े इंतजाम –गांव पलड़ी में भी आकर्षण बना अद्भुत आयोजन

शाहपुर, ३१ अगस्त (बु.)। नगर में आज श्री आदर्श रामलीला कमेटी एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभा यात्रा समिति के संयुक्त तत्वाधान में भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा नगर के प्राचीन शिव मंदिर से विभिन्न मौहल्लों में होते हुए वापस प्राचीन मंदिर शिवालय पर ही संपन्न हुई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियों एवं रंग बिरंगी आतिशबाजी ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर श्रीआदर्श रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला महोत्सव के झंडे का भी पूजन किया गया। कोविड १६ के चलते पिछले २ वर्षों से नगर में रामलीला, रामनवमी की शोभायात्रा, भगवान महावीर की शोभायात्रा व मेले आदि के कार्य स्थगित हो गए थे, लेकिन २ वर्षों के बाद श्रीआदर्श रामलीला कमेटी रजिस्टर्ड एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति शाहपुर के अथक प्रयास से पुरानी परंपरागत रूप से ५ दशकों से चली आ रही भगवान श्रीकृष्ण की भव्य पालकी यात्रा को आज फिर से बैंड बाजों के साथ नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गयी। थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक निर्दोष त्यागी व नगर चौकी प्रभारी वरिष्ठ एसआई हरीराज सिंह के साथ–साथ बुढ़ाना एवं रतनपुरी थाने की पुलिस फोर्स पूरी शोभायात्रा में मौजूद रहे। भगवान कृष्ण की पालकी का पूजन नगर पंचायत के चेयरमैन परमेश सैनी व गुड़ व्यापार संघ के अध्यक्ष पवन कुमार गोयल प्रमुख समाजसेवी एवं नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी उमेश मित्तल द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस अवसर पर श्री रामलीला के झंडे का पूजन श्रीआदर्श रामलीला के मुख्य संरक्षक वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल भाई जी, पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा अरुण मित्तल के द्वारा हुआ। इस अवसर पर नगर पंचायत सभासद मनोज सैनी एवं उमेश गोयल, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल, नगर पंचायत के पूर्व वाइस चेयरमैन चौधरी चंद्रवीर सिंह, अनिल गोयल, भाजपा नेता चतरसेन सैनी, सभासद भंवर पाल कश्यप, शिवम अग्रवाल, अंकित सिंघल, अक्षय अग्रवाल परवीन शर्मा, विनय गोयल, अमित गोयल, अर्पित गोयल, निशांत शर्मा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष राज कुमार कोरी एवं अनिल बंसल श्रीआदर्श रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुनील मित्तल, प्रबंधक बालेश सिंघल, नामित सभासद एवं वरिष्ठ पदाधिकारी मणिकांत मित्तल, मनोज अग्रवाल, परवेश अग्रवाल, प्रमोद करण वाल, विशाल कर्णवाल, नीरज कर्णवाल, गोल्डी, अमन मित्तल, अमित कपूरगढ़, गुड्डू सैनी रचित अग्रवाल ,मोहित बंसल, अजय बंसल, पवन सैनी सुंदर गिरी, सोमपाल प्रजापति बबलू नामदेव खुशी करण वाल, वंश बंसल, कनक बंसल, जावेद हनु सिंघल अनमोल सिंघल आदि मौजूद रहे। पंडित विजय पाल शर्मा ने पालकी एवं श्रीरामलीला के ध्वज का वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन कराया बैंड बाजे के साथ श्री रामलीला के ध्वज की रामलीला मैदान में स्थापना की गई। उधर नगर व क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। मन्दिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। उधर निकटवर्ती गांव पलड़ी में जनमाष्टमी पर्व पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी ने फीता काटकर किया। दीप प्रज्वलित बृजपाल सैनी ठेकेदार ने किया। शोभायात्रा में आकर्षक झांकिया राधाकृष्ण, शिव पार्वती, कंस, वासुदेव व भारत माता की झांकियां ढ़ोल नगाड़ों के साथ प्राचीन शिव मंदिर से प्रारंभ होकर गांव की परिक्रमा करते हुए देर रात प्राचीन शिव मंदिर पर सम्पन्न हुई। इसके अलावा क्षेत्र के गांव पलड़ा, काकड़ा, गोयला, सोरम, चांदपुर आदि गांवों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए।

# सरकारी अस्पताल पर पहुंची दवाइयां, तीसरी लहर को लेकर टीमों का गठन

कैराना, 31 अगस्त ( बु. )। यूपी में कोरोना की तीसरी लहर आने से रोकने और संक्रामक रोगों से बचाने के लिए विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू किया गया। इस अभियान निगरानी कमेटियों की मदद से बच्चों को उल्टी, दस्त व बुखार आदि से बचाने के लिए घर-घर मेडिकल किट के वितरण के साथ-साथ मेडिकल स्क्रीनिंग भी की जाएगी। बीमार बच्चों को प्राथमिकता पर चिह्नित कर उनका इलाज कराया जाएगा। यह विशेष अभियान आगामी समय तक चलाया जाएगा। दवा वितरण के साथ-साथ साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान भी चलेगा। उधर संचारी रोगों से बचाव के लिए जन-जागरूकता के कार्यक्रम होंगे। इसी क्रम में कैराना के सरकारी अस्पताल में भी दवाइयों की किट पहुंच गई है। मंगलवार को कैराना के सरकारी अस्पताल पर तैनात चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भानु प्रकाश ने बताया कि एक पत्र लखनऊ से उनको प्राप्त हुआ है और साथ ही साथ दवाइयों की किट भी अस्पताल पर पहुंची है, जिनको वितरित कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए कई टीमों का गठन कर डोर-टू-डोर अभियान चलाकर लक्षण युक्त बच्चों को दवाइयों की किट दी जाएगी। वहीं उन्होंने लोगों से अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों का ख्याल रखें और उनकी इम्यूनिटी को मजबूत बनाने पर जोर दें, ताकि बच्चे किसी भी तरीके से संक्रमण से पॉजिटिव ना हो सके और साथ ही साथ स्वच्छता एवं बाहर से घर में प्रवेश करते हुए सैनिटाइजर कर बार-बार हाथ धोकर चीजों को छुएं। बताया जाता है कि अन्य प्रदेशों में तीसरी लहर की दस्तक मिल चुकी है, इसी को लेकर सरकार भी कड़े इंतजाम कर रही है, वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी स्वास्थ्य विभाग के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दे रहे हैं। अब देखना ही होगा की तीसरी लहर से किस तरीके से बचा जाता है और निर्देशों के बाद स्थानीय स्वास्थ्य विभाग आदेशों के पालन पर कितना खरा उतरता है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

# गुरू तेग बहादुर जयंती पर स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। गुरू तेग बहादुर जयंती के उपलक्ष्य में सनातन धर्म इंटर कॉलेज निकट रोडवेज बस अड्डा में प्रधानाचार्य अनिल मित्तल के निर्देशन में स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के संयोजक डॉ. राजबल सैनी व जय प्रकाश सिंह और सह संयोजक के रूप में अनिल शर्मा, अनिल त्यागी, अशोक सैनी, राहुल कुमार, कु. शिवानी राणा, रोशन लाल एवं अनिल कुमार आदि रहे। सोमवार को संपन्न हुई उक्त स्लोगन प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी छात्रों ने रंगों व कलम के माध्यम से अपनी भावनाओं को अपने स्लोगन के शब्दों से सुन्दर ढंग से उकेरा गया। किसी प्रतिभागी ने देशभक्ति की भावना को अपने स्लोगन का विषय बनाया तो किसी ने गुरू वचनों व उनके बलिदान का वर्णन कर अपना भाव दर्शाया। प्रतियोगिता दो वर्गों में आयोजित की गई। इसमें पहले सीनियर वर्ग में जहां एक ओर सादिया प्रथम, वंश पाल द्वितीय एवं परमजीत सिंह तृतीय स्थान पर रहे। वहीं दूसरी और जूनियर वर्ग में पारस सैनी, शाहवेज अब्बास, दीपांशू प्रथम, करन कुशवाह, अमरदीप व मोनू द्वितीय एवं साक्षी सानिया और ईशिका तृतीय स्थान पर चयनित किए गए। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से सुखजोत सिंह, अंशिका, सानिया राव, नैंसी और आकाश आदि को इस दौरान सांत्वना पुरूस्कार प्रदान किया गया। अंत में रोडवेज बस स्टैंड स्थित एस डी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल मित्तल ने प्रतियोगिता में शामिल रहे सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

## आज का इतिहास

नयी दिल्ली, 31 अगस्त ( वार्ता )। भारतीय और विश्व इतिहास में 01 सितंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार है:- 1807- अमेरिका के पूर्व उपराष्ट्रपति आरोन बर राजद्रोह के मामले में निर्दोष पाये गये। 1878- एम्मा एम नट्ट अमेरिका में पहली महिला टेलीफोन ऑपरेटर बनीं। 1923- ग्रेट कैंटो भूकंप ने जापान के टोक्यो और योकोहामा में भयंकर तबाही मचायी। 1939- जर्मनी का पोलैंड पर आक्रमण करने के साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध की शुरुआत हुई। 1947- भारतीय मानक समय को अपनाया गया। 1956- भारतीय जीवन बीमा निगम ( एलआईसी ) की स्थापना हुई। 1956- राज्यों के पुनर्गठन के बाद त्रिपुरा केन्द्रशासित प्रदेश बना। 1962- महाराष्ट्र के कोल्हापुर में शिवाजी विश्वविद्यालय की स्थापना। 1964- इंडियन ऑयल रिफ़ाइनरी और इंडियन ऑयल कम्पनी को विलय कर इंडियन ऑयल कॉपरेशन बनाई गयी। 1972- मिस्त्र और लीबिया ने फेडरेशन बनाया। 1994- उत्तरी आयरलैंड में आयरिन रिपब्लिकन आर्मी ने युद्ध विराम लागू किया। 1997- साहित्यकार महाश्वेता देवी और पर्यावरणविद एम सी मेहता को रेमन मैग्सेसे पुरस्कार प्रदान किया गया। 1998- विक्टर चेर्नोमीर्दिन पुनः रूस के नये प्रधानमंत्री नियुक्त। 2000- चीन ने तिब्बत होते हुए नेपाल जाने वाले अपने एकमात्र रास्ते को बंद किया। 2004- पाकिस्तान के मानवाधिकार विशेषज्ञ मेहर खान विलियम्स को संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार आयोग ने उप उच्चायुक्त नियुक्त किया। 2005- सद्दाम हुसैन ने सशर्त रिहाई की अमेरिकी पेशकश ठुकराई। 2007- फिजी के अपदस्थ प्रधानमंत्री लाइसेनिया करासे नौ महीने बाद राजधानी सुवा लौटे। 2008- तत्कालीन वित्त मंत्री पी. चिदम्बरम ने डी. सुब्बाराव की भारतीय रिजर्व बैंक के 22वें गर्वनर के रूप में नियुक्ति की घोषणा की। 2008- यूनियन बैंक ऑफ़ इण्डिया ने अपना लोगो बदला। 2009- वायस एडमिरल निर्मल कुमार वर्मा को भारतीय नौसेना का प्रमुख नियुक्त किया गया।




# गोवंश की सुरक्षा की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। विश्व हिन्दू शक्ति संगठन द्वारा एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम भेजा गया, जिसमें संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशु तोमर ने बताया कि विश्व हिन्दू शक्ति संगठन के द्वारा मांग पत्र में गौमाता को राष्ट्रीय माता घोषित किया जाये और साथ ही गोवंश की भी सुरक्षा रक्षा, चिकित्सा उचित देखभाल, भोजन चारे की व्यवस्था सरकार द्वारा की जानी चाहिए। साथ ही गोमाता ही हत्या पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगना चाहिए। साथ ही अवारा, लावारिस, बेसहारा अपाहिज मौताज, गौमाता और गौवंश की उचित देखभाल रख रखाव भोजन चारे चिकित्सा आशियाना आदि की सरकार की व्यवस्था होनी चाहिए। साथ ही गौमाता गौवंश की हत्या अत्याचार पर पूर्ण प्रतिबंध लगना चाहिए। विश्व हिन्दू शक्ति भारत द्वारा यह मांगपत्र भेजा गया। इस अवसर पर सचिव प्रदेश, गोपाल सिंघल, जिलाध्यक्ष पंकज प्रजापति, जिलाध्यक्ष यु.गो. आकाश सिंघल, नगर अध्यक्ष, अभिषेक तोमर, जिला मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप, शुभम प्रजापति, विपिन शर्मा, ग्राम अध्यक्ष अजय प्रजापति, सुशील, रामअवतार विष्णु, संजीव शर्मा, अजय तोमर और सहारनपुर मण्डल अध्यक्ष अश्वनी कुमार मौजूद रहे।

# समाज में विशेष योगदान देने वाली महिलाएं सम्मानित

बुढ़ाना, ३१ अगस्त (बु.)। कस्बे में गोल्डन बर्ड संस्था की कार्यशाला में वक्ताओं ने महिलाओं के सामाजिक उत्थान के विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के लिए कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। कस्बे के नगर पंचायत सभागार में गोल्डन बर्ड संस्था ने कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें पदाधिकारियों ने संस्था द्वारा कराए जा रहे कार्यों को बारे में जानकारी दी। कार्यशाला में विभिन्न वक्ताओं ने नारी उत्थान पर्यावरण बचाओ आदि मुद्दों पर अपने विचार रखें। उन्होंने सामाजिक उत्थान के लिए महिलाओं की भागीदारी व परिवर्तन के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में समाज में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान सभी को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलका रानी ने की। मुख्य रूप से जयमाला शर्मा, संगीता, रेनू चौधरी, सविता, मनोज, संतोष देवी आदि मौजूद रहे।

# धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया नन्द उत्सव

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। नन्द उत्सव दाल मण्डी में श्री पुरुषार्थी सनातन धर्म मंदिर बड़ी धूमधाम व श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें वृन्दावन धाम संघ कीर्तन मण्डल द्वारा श्रीकृष्ण बधाई एवं सुन्दर–सुन्दर भजन प्रस्तुत किए जाये। पं० श्याम शंकर मिश्रा (छांगा पंडित) के सानिध्य में पूजन कराया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीरज अग्रवाल, अचिंत के रूप में पधारे, जिसमें उपस्थित राजेश दूबे, राजेश शास्त्री, शिवांश शास्त्री आदि विद्वाणगण द्वारा पूजन सम्पन्न हुआ एवं मंदिर के अध्यक्ष धमेन्द्र तायल एड., महामंत्री पुनीत अग्रवाल, महामंत्री प्रवीण धीमान, कोषाध्यक्ष संदीप दुआ, कोषाध्यक्ष संजय गुप्ता, पुष्पेन्द्र जिन्दल, प्रमोद अग्रवाल, प्रमोद गोयल, अंकित धीमान, अमित धीमान, आयुष देव तायल, सागर धीमान। छोटी बालिकाओं में रिया मिश्रा, भाव्या धीमान ने नृत्य किया। हनुमान चालीसा वार्षिकोत्सव एवं श्रीकृष्ण उत्सव ४ सितम्बर शनिवार सायं ४ बजे रात्रि ७:३० तक मनाया जायेगा।



## बुढ़ाना में पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से सीएम योगी ने किया वर्चुअल संवाद

बुढ़ाना, ३१ अगस्त (बु.)। प्रधानमन्त्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महन्त योगी आदित्यनाथ महाराज ने आज सोमवार के दिन ओनलाइन वर्चुअल संवाद कार्यक्रम किया। उक्त वर्चुअल संवाद कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री योगी द्वारा प्रधानमन्त्री आवास शहरी के लगभग ०२ लाख ८५३ लाभार्थियों को सिंगल क्लिक के माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की गई। उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण नगर पंचायत बुढ़ाना के सभागार में किया गया। वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक उमेश मलिक, बुढ़ाना नगर पंचायत की चेयरपर्सन बाला त्यागी, नगर पंचायत बुढ़ाना के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी के अलावा लगभग सभी नगर पंचायत सदस्य और नगर पंचायत अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## आपका आज का राशिफल

बुधवार, 01 सितम्बर, 2021

**मेष**-विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, सामाजिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय, विवाद समापन की ओर, यात्रा संतोषजनक।

**वृषभ**-सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, कठिनाइयों में कमी, कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर, मेल-मिलाप की ओर रुचि, व्यापार में धन निवेश, सुयश की प्राप्ति।

**मिथुन**-स्वास्थ्य में शिथिलता, पारिवारिक समस्याओं से मन उदास, विवाद की आशंका, यात्रा में कष्ट, वाहन से भय, चोट-चपेट दुर्घटना की आशंका, अपव्यय भी।

**कर्क**-ग्रहयोग भाग्य के पक्ष में, आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, पुरातन विवाद का समापन, पठन-पाठन में रुचि, सुख के जरूरी साधन सुलभ, आनन्द की अनुभूति।

**सिंह**-विचारित कार्यों में प्रगति, व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, विवादास्पद मसला हल, मनोबल में वृद्धि, शत्रु हानि पहुँचाने में असफल, सद्विचारों का उदय।

**कन्या**-ग्रहयोग बेहतर, समस्याएं सुलझने की ओर, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, मानसिक राहत, धर्म अध्यात्म में आस्था, जिम्मेदारियों हेतु व्यय।

**तुला**-दनचर्या अव्यवस्थित, व्यावसायिक पक्ष में निराशा, राजकीय पक्ष से उलझनें, परिस्थितियां भाग्य के विपरीत, खर्च से परेशान, अशांति का माहौल, यात्रा कष्टकर।

**वृश्चिक**-नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, आमोद प्रमोद के साधन सुलभ, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, विशिष्टजनों से सम्पर्क, दाम्पत्य जीवन में सुखी, मनोरंजन में रुझान।

**धनु**-पराक्रम से कार्यसिद्धि, इच्छानुकूल घटनाएं घटित, आत्मबल में वृद्धि, महत्वपूर्ण सफलता, व्यापार में धन निवेश, पारिवारिक प्रसन्नता, परोपकार की भावना जागृत।

**मकर**-व्यावसायिक वातावरण मनोनुकूल, सामाजिक गतिविधियों में अभिरुचि, पारिवारिक मतभेद समाप्त, संभावित यात्रा का कार्यक्रम, मंगल आयोजन संपन्न।

**कुम्भ**-दिनचर्या अस्त-व्यस्त, अध्यात्म के प्रति अरुचि, राजकीय पक्ष से प्रतिष्ठा पर आघात, लाभ का मार्ग अवरुद्ध, विचारों में उग्रता, उन्नति में बाधा।

**मीन**-समय संतोषजनक, परिस्थितियां अनुकूल, सुसंदेश की प्राप्ति, नौकरी में विषयक मसला हल, प्रियजनों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन का कार्यक्रम।

**विमल जैन,** हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस–२/१–७६,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी–२२१००२ मोबाइल ६३३५४१४७२२



# कार्यालय जिला पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। डॉ. वीरपाल निर्वाल, अध्यक्ष जिला पंचायत, मुजफरनगर द्वारा कार्यालय जिला पंचायत का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। कार्यालय जिला पंचायत में विभिन्न पटलों पर जाकर पत्रावलियों का अवलोकन किया गया। सभी कर्मचारी अपने–अपने पटल पर उपस्थित होकर कार्य करते पाये गये। कर्मचारियों/अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय समय में कोई भी कर्मचारी बिना किसी अपरिहार्य कारण के कार्यालय से अनुपस्थित न रहे तथा अपने–अपने पटलों के कार्यो का निर्धारित समय के भीतर निष्पादन करें। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया गया कि जिला पंचायत की आय को बढ़ाने हेतु भरसक प्रयास किये जाये तथा अपर प्रमुख सचिव महोदय उप्र शासन,पंचायती राज, लखनऊ द्वारा वीसी के माध्यम से दिये गये निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करायें। निरीक्षण के समय कार्यालय सफाई सुचारू पायी गयी तथा निर्देश दिये गये कि कार्यालय सफाई में कोई भी लापरवाही न बरती जाये। जिला पंचायत प्रागंण में जिला सूचना अधिकारी कार्यालय का भी अध यक्ष द्वारा निरीक्षण किया गया। वहां पर भी सभी व्यवस्थायें सुचारू पायी गयी।

# ढोल नगाड़ों के साथ विदाई समारोह आयोजित किया

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। 'स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ पंजीकृत उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में आज नगर पालिका परिषद में पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के सामने सेवानिवृत्त हुए पूरन चंद पाल प्रभारी कार्यालय अधीक्षक, संजय गुप्ता, श्री संजीव कुमार गुप्ता एवं राजेंद्र कुमार योगी लिपिकगण का पालिका सभागार में बड़े धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ विदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों को माल्यार्पण, बुके, सम्मान पत्र, घड़ी और छतरी तथा रामायण व शॉल भेंट किए गए। कार्यक्रम में अंजू अग्रवाल पालिका अध्यक्ष मुख्य अतिथि रही तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमराज सिंह अधिशासी अधिकारी रहे। अधिशासी अधिकारी एवं पालिका अध्यक्ष द्वारा सेवानिवृत्तकर्मियों के कार्यो की प्रशंसा की गई तथा इनके दीर्घायु तथा यशस्वी होने की कामना की गई। विदाई कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक ढींगरा, मेनपाल सिंह, अशोक पाल, प्रवीण कुमार, मनोज बालियान, प्रीति रानी लेखाकार, मनोज पाल, आकाशदीप, मोहन कुमार, संजय कुमार, संदीप यादव, राजेश्वर शर्मा, गोपीचंद वर्मा, कैलाश नारायण, गगन महिंद्रा, फिरोज खान, सुनील गर्ग, विवेक कुमार, निपुण कनौजिया, नितिन कुमार, सुनील वर्मा प्रियेश कुमार एवं एसके बिट्टू आदि समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रुप से स्वायत्त शासन कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष गोपाल त्यागी एवं महामंत्री तनवीर आलम के द्वारा किया गया।

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224–सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक– अंकुर दुआ

उप–सम्पादिका–श्रीमति पूजा दुआ

☎, (आ.)–98370-42840, 94127-10840

विज्ञापन– 9368549219 (नि.) 7983359929,

सम्पादक– 9412210257

e-mail :

muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in

muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com






# विहिप कार्यालय पर नगर बैठक का आयोजन हुआ

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। आज विहीप कार्यालय पर नगर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आज आगामी कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई और संघठन का विस्तार करते हुए कुछ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में नगर कार्यकारणी द्वारा बजरंग दल के जिला सयोजक पुनीत पुंडीर का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया और आज बैठक के अंदर जिसमें सभी को जिम्मेदारी प्राप्त हुई है, उन्हें भी उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नवीन जिम्मेदारी देने में मौजूद रहे जिला संघठन मंत्री अनूप, नगराध्यक्ष विकास अग्रवाल ने विवेक शास्त्री को नगर सेवा प्रमुख, साकेत प्रखंड सह सयोजक विवान चौधरी, द्वारिका प्रखंड सह संयोजक विभु सैनी, द्वारिका प्रखंड उपाध्यक्ष सतीश कौशिक,सुनील वर्मा शिव प्रखंड मंत्री,विशाल लोधी शिव प्रखंड गौ रक्षा प्रमुख, हनी मोघा शिव प्रखंड सुरक्षा प्रमुख, अर्जुन गर्ग डाल्लु देवता खंड सयोजक, शिवांशु जाट कलोनी खंड सयोजक, गांधी कलोनी खंड में उदय पांचाल को अध्यक्ष, दिव्यांस खंड मंत्री, आर्यन खण्ड सयोजक, महेश खंड सत्संग प्रमुख कि जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में मौजूद रहे जिला सयोजक पुनीत पुंडीर, नगर उपाध्यक्ष विक्रांत खटीक, नगर मंत्री मनोज मोघा, नगर सह मंत्री मनीष बंसल आदि मौजूद रहे।



# श्रीराम कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस का हुआ समापन

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। श्रीराम कॉलेज में चल रहे तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का आज धूम–धाम से समापन किया गया। इस अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र को श्रद्धांजलि दी गयी तथा महाविद्यालय में खेल–कुद क्रिकेट तथा वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बड़ी उत्सुकता के साथ प्रतिभाग लिया। इस अवसर पर प्रतियोगिता के पहले और दूसरे दिन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्रिकेट (पुरूष वर्ग) पहला मुकाबला विधि संकाय व बीपीएड की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बीपीएड की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट खोकर ६८ रन बनाये, जवाब में विधि संकाय की टीम ने २ विकेट के नुकसान पर ६६ रन बनाकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में विधि संकाय की टीम के गोहरी को मैन आफ द मैच घोषित किया गया। प्रतियागिता का दूसरा मुकाबला एमपीएड और बीफार्मा के बीच खेला गया। बीफार्मा की टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। एमपीएड की टीम के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुये ५ विकेट खोकर १४४ रन बनाकर विपक्षी टीम के सामने विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जवाब में फार्मा की टीम ६ विकेट के नुकसान पर ८६ रन ही बना पायी और यह मैच एमपीएड की टीम ने ५६ रनों से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। समापन अवसर पर क्रिक्रेट का फाइनल मुकाबला शारीरिक शिक्षा विभाग और विधि विभाग की टीमों के बीच खेला गया। जिसमें दोनो ही टीमों द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग ने अच्छे खेल का प्रदर्शन कर लक्ष्य को प्राप्त कर मैच अपने नाम कर लिया। वहीं दूसरी ओर इस अवसर पर वालीबॉल (महिला) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमे ६ विभागो कम्प्यूटर एप्लीकेशन, शारीरिक शिक्षा, बायोसाइंस, वाणिज्य, शिक्षक शिक्षा, ललित कला की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रथम मैच शारीरिक शिक्षा व बायोसाइंस की टीम के बीच खेला गया, जिसमें शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम विजयी रहीं। द्वितीय मैच वाणिज्य व शिक्षक शिक्षा विभाग की टीम के मध्य हुआ, जिसमें शिक्षक शिक्षा विभाग की टीम विजयी हुई। तृतीय मैच शारीरिक शिक्षा व कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग की टीमो के मध्य हुआ। इस मैच में शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए यह मैच अपने नाम किया। चौथा मैच शिक्षक शिक्षा विभाग व ललित कला विभाग की टीमों के बीच खेला गया, जिसमे ललित कला विभाग की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता का फाईनल मैच लीग मैचों में विजयी शारीरिक शिक्षा व ललित कला विभाग की टीम के बीच हुआ। शारीरिक शिक्षा विभाग की टीम ने जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली और ललित कला विभाग की टीम द्वितीय स्थान पर रही। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ. आदित्य गौतम ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचन्द्र के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके व्यक्तित्व से सम्बन्धित जानकारी विद्यार्थियों को दी तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रेरणा मित्तल ने बताया कि खेल से जहा व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ बनता है, वहीं खेल मनुष्य को अनुशासित भी बनाता है। इस अवसर पर प्रमोद कुमार, भूपेन्द्र कुमार, डॉ. अब्दुल अजीज खान, संदीप कुमार, प्रशान्त आदि उपस्थित रहे।

# शाहपुर मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ द्वारा अभिनंदन एवं विदाई समारोह का आयोजन

शाहपुर, ३१ अगस्त (बु.)। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी ने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं नीतियों का पूर्ण रूप से पालन कराना है। उन्होंने कहा कि वह मान्यता प्राप्त विद्यालयों के समक्ष आने वाली समस्याओं का निदान कराने का प्रयास करेंगे। कस्बे की शिक्षण संस्था एक्सपर्ट एकेडमी में उ.प्र. मान्यता प्राप्त विद्यालय महासभा द्वारा नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी भारत भूषण त्यागी का स्वागत समारोह व निवर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी सुदर्शन लाल का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महासभा के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. सत्यवीर आर्य ने कहा कि निवर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपनी कार्य कुशलता से सभी का सहयोग लेकर शिक्षा के क्षेत्र में ब्लॉक को आगे बढ़ाने का कार्य किया। उन्होंने नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी से भी अपेक्षा की वह सभी को साथ लेकर कार्य करेंगे। नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि कल आज से प्राइमरी स्तर के स्कूल खुल रहे हैं। सभी विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्य अपने–अपने स्कूलों में कोविड गाइड लाइंस का पालन कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता शासन द्वारा जारी दिशा निर्देशों एवं नीतियों को पूर्ण रूप से पालन कराना है। इसके अलावा वह सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयों का सहयोग लेकर कार्य करेंगे एवं सभी समस्याओं के निदान करने का प्रयास करेंगे । निवर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा, जो उन्हें सहयोग दिया गया है, वह इसके लिए आभार व्यक्त करते हैं। महासभा के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देने के साथ शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सत्यप्रकाश त्यागी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देवेंद्र सिंह, प्रवीण कुमार, कर्ण सिंह, डॉ. ओमपाल सैनी, सतेंद्र कुमार, राशिद खान, अमित जैन, खालिद चौधरी, देवशरण त्यागी, पवन कुमार, योगेश भारद्वाज, रणवीर सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

1973-2021

**सम्पादक की क़लम से**

# प्रधानमंत्री आवास योजना

प्रधानमंत्री आवास योजना पर भ्रष्टाचारियों की बुरी नज़र पड़ी हुई है। जिस तरह के प्रमाण मिल रहे हैं, उनसे यह लगता है कि इस योजना पर आरम्भ ही से भ्रष्टाचारियों की बुरी नज़र है। बिहार के आरा ज़िले में जगदीशपुर ब्लॉक के देवराढ़ गाँव की छठो देवी को पैसे हड़पने के लिए दो साल पहले मर चुकीं, जितना कुँवर बना दिया गया। इस तरह के कई समाचार कई राज्यों से मिल रहे हैं। सरकारी बाबुओं, जनप्रतिनिधियों और बैंककर्मियों की मिलीभगत से यह भ्रष्टाचार फलफूल रहा है। जो मर गए हैं, उनके नाम पर भी पैसे लिए जा रहे हैं। दूसरों के नाम पर फ़र्ज़ी दस्तावेज़ बनाकर पैसे निकाले जा रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में असली लाभार्थी कोई और सरकारी काग़ज़ पर नाम किसी और का। गाँवों में जाँच की माँग उठ रही है, लेकिन व्यवस्था के स्तर पर कोई सुनने को तैयार नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीपीएल परिवारों को तीन क़िस्तों में एक लाख 20 हज़ार रुपए घर बनाने के लिए मिलते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अप्रैल, 2016 को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण लॉन्च की थी। इसके तहत 21 मार्च 2019 तक एक करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन कई जगह ये योजना ग़रीबों को घर देने से पहले सरकारी बाबुओं और जनप्रतिनिधियों को अमीर बना रही है। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसी साल मार्च महीने में कहा था कि प्रधानमंत्री ने 2022 तक सभी के लिए पक्का घर बनाने का लक्ष्य रखा है। काग़ज़ पर अगर मार्च, 2022 में यह लक्ष्य पूरा भी हो जाता है, तो इसकी असली कहानी उन ग़रीबों के मन में कही बैठी रहेगी, जिन्हें घर हक़ के रूप में नहीं, बल्कि रिश्वत और अहसान के रूप में मिले। प्रधानमंत्री आवास योजना में व्यापक भ्रष्टाचार के संकेत हैं। भ्रष्टाचार कई स्तरों पर है। सरकार को लगता है कि डीबीटी यानी डायरेक्ट बेनिफ़िट ट्रांसफ़र के कारण भ्रष्टाचार कम हुआ है। डीबीटी के तहत सरकारी योजनाओं के पैसे ग़रीबों के बैंक अकाउंट में सीधे जाते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, भ्रष्टाचारी सरकार से कई क़दम आगे हैं। पता यह चल रहा है कि बैंक अकाउंट खोलने ही में लोग धांधली कर रहे हैं। बैंककर्मियों की मिलीभगत से फ़र्ज़ी दस्तावेज़ देकर लोग दूसरों के नाम पर खाता खुलवा रहे हैं। पूरी योजना में जनप्रतिनिधियों, सरकारी बाबुओं और दलालों के बीच गहरी साँठगाँठ है। आधार नंबर को भ्रष्टाचार रोकने के लिए हथियार के तौर पर देखा गया, लेकिन यहाँ भी नाम और फ़ोटो में जमकर फेरबदल चल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार को लेकर बिहार के भोजपुर में मिली कुछ शिकायतों के आधार पर कुछ पत्रकारों ने पड़ताल शुरू की, तो पता चला कि कई पंचायत और गाँव में लोग परेशान हैं कि उनके नाम से पैसा जारी हो चुका है, लेकिन पैसा किसी और ने ले लिया है। झारखंड में मनरेगा के काग़ज़ों में लकवाग्रस्त व्यक्ति ने भी मज़दूरी की। मनरेगा में भ्रष्टाचार भी तरक़्क़ी कर रहा है। कहीं तालाब नहीं, मगर मजदूरी बंट जाती है। जांच में सामने आ रहा है कि ग़रीबों के नाम पर गाँव के दबंगों ने पैसे लिए हैं। ग़रीबों, कमज़ोरों की हक़मारी सबसे ज़्यादा दिखी। वैसे लोगों के नाम पर भी पैसे लिए गए हैं, जो ज़िन्दा ही नहीं हैं। कई तो ऐसे लोग मिले, जिन्हें पता भी नहीं है कि उनके नाम पर एक लाख 20 हज़ार रुपए ले लिए गए हैं। कइयों को पता है कि उनका हक़ उनके गाँव ही के दबंगों ने मारा है, लेकिन वे डर से बोलने की स्थिति में नहीं हैं। कुछ अर्थशास्त्री और एक्टिविस्ट कहते हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जितना भ्रष्टाचार बिहार में है, उतना कहीं नहीं है। भ्रष्टाचार बिहार की स्ट्रक्चरल बीमारी है। मामला केवल भोजपुर का नहीं है, बल्कि यह योजना ही भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। बिहार के लोग सरकारी योजनाओं से मिलने वाले फ़ायदे को अपना हक़ नहीं अहसान के तौर पर लेते हैं। अगर वे अपना अधिकार मानते तो उन्हें रिश्वत देने की ज़रूरत नहीं पड़ती, लेकिन यह केवल लोगों के स्तर पर ही नहीं, बल्कि योजना को डिलीवर करने की जिन पर ज़िम्मेदारी है, उन्हें भी यही लगता है कि मुफ़्त में पैसे क्या बाँटने हैं, इसे अपने पास भी रखा जा सकता है। सरकार की कई योजनाओं पर भ्रष्टाचारियों की नज़र है, लेकिन ग़रीबों को मुफ़्त राशन मिल रहा है। देश भर में कुछ ग़रीबों को शिकायत है, लेकिन ज़्यादातर ग़रीब लॉकडाउन में मुफ़्त राशन को बहुत बड़ी राहत मान रहे हैं। देश के बहुत से ग़रीब दीपावली तक ग़रीब कल्याण प्रधानमंत्री राशन योजना के तहत राशन मिलने के आदेश का स्वागत कर रहे हैं। मुफ़्त राशन का लाभ ले रहे लोगों का कहना है कि कोरोना के वक़्त काम चल नहीं रहा है, ऐसे में सरकार का ये अच्छा आदेश है। पिछली बार भी हम लोगों को राशन छठ तक मिला था और अबकी बार भी मई महीने में ज़्यादा राशन मिला है। हमारे यहां राशन की क्वालिटी ठीक है। उसको लेकर जल्दी कभी कोई दिक़्क़त नहीं आती है। भोपाल में रहने वाले एक व्यक्ति ने बताया कि कोरोना के बाद से उन्हें लगातार चावल, गेंहू और बाजरा मिल रहा है। हालांकि उन्हें अभी बताया गया है कि अब उन्हें दूसरी राशन की दुकान से ये सब सामान मिलेंगे। जब उनसे पूछा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की है कि उन लोगों को दीवाली तक सरकार की तरफ़ से मुफ़्त अनाज मिलता रहेगा, तो उसमें उस पर उन्होंने कहा, देखना पड़ेगा कि आख़िर हमें कब तक मिलता है। राजस्थान के सीकर ज़िले के लाभार्थी नवम्बर तक राशन देने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा को अच्छा क़दम मानते हैं। एक महिला ने बताया कि फ़ोन पर मैसेज आया, तो मालूम हुआ कि दीवाली तक राशन मिलेगा. अभी भी राशन मिल रहा है, अपनी ग्राम पंचायत महावा में राशन डीलर पर कभी अनाज ख़त्म हो जाता है, तो पड़ौस की गावड़ी पंचायत से ले आते हैं। पति बीमार रहते हैं, इसलिए आय का कोई साधन नहीं है। घर में दो बच्चों समेत चार सदस्यों का 20 किलो गेहूं मिलता है। इन बातों से पता चलता है कि भ्रष्टाचारियों की नज़र ग़रीबों के राशन पर नहीं पड़ी है, बल्कि वे मोटा पैसा मिल बांट कर खा रहे हैं।

**चार तीर** -सुनील 'उत्सव'

'ग़मज़दा' 'माफ़िया' 'ग़ुस्सा' 'कमेडी'
ख़ुश तो हैं ऊपर से लेकिन ग़मज़दा अन्दर से हैं,
माफ़िया सरकार से भी,डर रहे हैं आजकल।
हास्य के टीवी कलाकारों में ग़ुस्सा है बहुत,
राजनेता भी कमेडी कर रहे हैं आजकल।




# माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा इंस्पायर अवार्ड योजना के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। लाला जगदीश प्रसाद इण्टर कॉलेज जानसठ रोड माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। विज्ञान शिक्षक कार्यशाला का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक गजेन्द्र कुमार, प्रधानाचार्य डॉ. विकास कुमार व प्रधानाचार्य हरि ओम गणपति सहस्रबुद्धे द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि ज्ञान किसी की बपौती नहीं है, यदि विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में आपके पास कोई नवाचारी व क्रिएटिव आईडिया है, तब आप इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में आवेदन कर सकते हैं, विद्यार्थियों के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है, जहाँ विद्यार्थी दैनिक जीवन मे आने वाली समस्याओं को सरल बनाने के लिए प्रोजेक्ट या मॉडल बनाते है और साथ ही साथ उनको नगद धनराशि व राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान प्राप्त करने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त होता है। इंस्पायर अवार्ड योजना का मुख्य उद्देश्य १० वर्ष से १५ वर्ष तक के बालकों को नवाचारी बनाना है। कार्यक्रम नॉडल अधिकारी डॉ. विकास कुमार के द्वारा उपस्थित विज्ञान शिक्षकों को विज्ञान मॉडल व प्रोजेक्ट बनाने का प्रक्षिक्षण दिया गया व पूर्व के वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर चयनित प्रोजेक्ट्स व मॉडल के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। डॉ विकास कुमार ने इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए बताया कि इस योजना में सभी सरकारी, अर्द्ध सरकारी, वित्तविहीन, सीबीएसई आईसीएसई विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा ६ से कक्षा १० तक के छात्र–छात्राएं अपने अपने विद्यालय के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं, प्रत्येक विद्यालय अधिकतम ५ बच्चों का रजिस्ट्रेशन १५ अक्टूबर तक इन्सपायर अवार्ड की वेबसाइट पर कर सकते हैं, जिन छात्रों का क्रिएटिव आईडिया शासन द्वारा चयनित किया जाएगा, उनको १०००० रुपए प्रति छात्र अवार्ड के रूप में दिया जाएगा। इस धनराशि का उपयोग छात्र छात्राओं द्वारा अपने क्रिएटिव आईडिया पर आधारित मॉडल बनाने में किया जाएगा। नॉडल अधिकारी बृजेश कुमार ने कहा कि प्रकृति से जुड़े, दैनिक समस्याओं का ठीक प्रकार से प्रेक्षण कर ही हम अच्छा प्रोजेक्ट तैयार कर सकते हैं। कार्यशाला में सरकारी, वित्तविहीन, हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के सभी माध्यमिक विद्यालयों के १२७ विज्ञान शिक्षकों व २८ नॉडल अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य हरि ओम गणपति सहस्रबुद्धे ने उपस्थित सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। राजकमल वर्मा, अवनीश धीमान, अभिषेक गर्ग आदि का सहयोग रहा। राखी कौशिक, समुन्द्र सेन, आशीष द्विवेदी, मदन गोपाल, कपिल त्यागी आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस जांच में झूठा निकला, कुकर्म का मामला

कांधला, 31 अगस्त ( बु. )। मंगलवार को थाना क्षेत्र के मौहल्ला नई बस्ती निवासी एक व्यक्ति ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि कस्बे के गंगेरू रोड निवासी एक व्यक्ति व गांव गढ़ी दौलत निवासी एक युवक ने उसके दस वर्षीय पुत्र को बंधक बनाकर कुकर्म का प्रयास किया है। सूचना के बाद पुलिस मामले की जांच करने के लिये मौके पर पहुंची, तो मामला मारपीट का निकला। थाना प्रभारी निरीक्षक रोजन्त त्यागी ने बताया कि एक व्यक्ति ने अपने दस वर्ष के बालक के साथ दो लोगों पर कुकर्म करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस जांच में मामला मारपीट का निकला है।

# हाईवे निर्माण कार्य में तेजी लाएं, ताकि जनता को मिले लाभ : सुरेश राणा

शामली, 31 अगस्त ( बु. )। जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कार्यदायी संस्थाओं को मिशन मोड में कार्य करने की हिदायत दी। उन्होंने एनएचआई की चल रही परियोजनाओं को लेकर निर्माण कार्यों में आ रही समस्याओं का समाधान करते हुए त्वरित गति देते हुए उक्त कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश एनएचआई के अधिकारियों को दिए। उन्होंने जनपद में चल रहे बड़े निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनमें आ रही समस्याओं की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्माण कार्यों को मानक के अनुसार पूर्ण करने के निर्देश दिये ताकि संचालन शुरू हो सके। साथ ही यह भी निर्देश दिए गए कि जितनी भी बिल्डिंग बन रही है, वहां पर साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त की जाए। बैठक के दौरान कैबिनेट मंत्री ने थानाभवन विधानसभा के अन्तर्गत चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर सम्बन्धित से जानकारी प्राप्त करते हुए दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि विधानसभा के अन्तर्गत जितने भी शिक्षण संस्थाओं का निर्माण किया जा रहा है, उनको गति देते हुए पूरा करते हुये संचालित किया जाये, ताकि बच्चे शिक्षा ग्रहण कर सके। उन्होंने विद्युत विभाग के अफसरों से कहा कि विभाग से सम्बन्धित जितनी भी समस्या आती हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुक्रम में किसान का कितना भी बिल हो किसी भी किसान का ट्यूबवैल का कनेक्शन ना काटा जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। कैबिनेट मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत जेई, गांव के पटवारी व लेखपाल अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हैं अथवा नहीं कि क्रॉस चैकिंग कराई जाए। उन्होंने विभागों द्वारा बनाये जा रहे सड़क निर्माण कार्य को लेकर जानकारी प्राप्त करते हुए गेस्ट हाउस में जो भी कार्य शेष बचा है, उसको पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जहां पर भी सड़कें बनाई जा रही हैं। सड़क बनाते समय मानक का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। उन्होंने गंदेवड़ा संगम पर सभी व्यवस्था दुरुस्त करते हुए वहां पर स्थाई सफाईकर्मी तैनात करने के भी निर्देश गत बैठक में दिए थे, जिसके सम्बंध में जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सफाईकर्मी की तैनाती कर दी गई है। केबिनेट मंत्री ने जल निगम अफसरों को निर्देश दिए जिस गांव में टंकी फीटिंग के दौरान टूटी सड़कों को पुन: उसी दशा में व्यवस्थित करें। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में कराये जा रहे निर्माण कार्यों को लेकर अधिशासी अधिकारियों से सबसे अच्छे कार्य की जानकारी प्राप्त करते हुए समस्त अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक महीने बाद उनके व डीएम द्वारा सम्बंधित नगर पंचायत का निरीक्षण किया जाएगा और इस अवधि में जिस जिस नगर पंचायतों में सबसे श्रेष्ठ कार्य होगा उसको सम्मानित किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय अग्रवाल ने बताया कि थानाभवन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ऑक्सीजन प्लांट का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है, जिसका कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा से उद्घाटन कराया जायेगा। समीक्षा के उपरांत कैबिनेट मंत्री ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में पंचायत सहायकों की नियुक्ति पारदर्शिता के साथ की जाए।






# बी-फार्मा चतुर्थ वर्ष का परीक्षाफल शत-प्रतिशत, ९० प्रतिशत अंक प्राप्त कर यमन रहे टॉपर

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। भोपा रोड स्थित एसडी कालेज ऑफ फार्मेसी एण्ड वोकेशनल स्टडीज में बी-फार्मा चतुर्थ वर्ष के छात्रों का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें यमन टॉपर रहे। श्रेष्ठता सूचि के आधार पर टॉपर्स छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। यह परीक्षा परिणाम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्रविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ ने घोषित किया। बी-फार्मा चतुर्थ वर्ष के यमन ८.६५ एसजीपीए प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे, वहीं महिमा ने ८.७५ एसजीपीए प्राप्त कर द्वितीय एवं विशुपाल ने ८.६५ एसजीपीए प्राप्त कर तृतीय स्थान पर बाजी मारी। इस परीक्षाफल में बी-फार्मा चतुर्थ वर्ष के १८ छात्रों को ऑनर सहित उत्तीर्ण किया गया, जो कि सभी के लिए गर्व का विषय है। कॉलेज निदेशक डॉ. अरविन्द कुमार ने छात्र-छात्राओं को उनके परीक्षाफल पर बधाई देते हुए कहा कि यह परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस परीक्षाफल में १८ छात्र ऐसे रहे कि जिन्होंने ७५ से ८० प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त किये, जिसमें कि १२ छात्रों को ८० प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त हुए। कोरोना महामारी की गाइडलाइन का अनुसरण करते हुए इस सेमिस्टर सभी छात्रों ने ऑनलाइन कक्षाओं द्वारा घर पर रहकर ही अध्ययन किया और आन्तरिक परिक्षायें भी ऑनलाइन सम्पन्न कराई गई थी, जिसके फलस्वरूप विश्वविद्यालय ने परीक्षा का पैटर्न बदलकर वैकल्पिक प्रश्नों पर आधारित प्रश्नपत्रों द्वारा परीक्षायें सम्पन्न कराई गई थी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के आदेशानुसार छात्रों को इस सत्र के लिए भी घर पर रहकर ही ऑनलाइन कक्षाओं के द्वारा पाठ्यक्रम पूर्ण कराया जा रहा है। अपने परीक्षाफल पर सभी छात्र-छात्राओं ने खुशी व्यक्त की एवं शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए आगे और कठिन परिश्रम करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने इस अच्छे परीक्षाफल का पूरा श्रेय छात्र-छात्राओं के कठिन परिश्रम एवं अनुशासन को दिया। इस अवसर पर डॉ. क्षितिज अग्रवाल, डॉ. वैशाली सिंह, विमल कुमार भारती, सौरव घोष, हरेन्द्र, प्रवीण कुमार, ईशान अग्रवाल, आसिफ खान, पल्लावी गौतम, राबिया, चारू भारती, उत्सव वर्मा, सुबोध कुमार, सोनू कुमार, रोहित, विनय, अतुल, सना, विकास कुमार, राहुल, अमित, अंकित, आदि ने छात्रों को अपने संदेशों द्वारा हार्दिक बधाईयां दी।

# डीएम की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकवाणी सभागार में जिला अधिकारी चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक आहूत की गई, जिसमें डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिया कि जनपद में संचालित सभी स्कूलों के वाहनों का फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाए जाएं एवं उनकी जांच भी आवश्यक रूप से करा ली जाए। नेशनल हाईवे अथॉरिटी आफ इंडिया मेरठ को निर्देश दिए किस शाहपुर, जानसठ के हाईवे की टूटी हुई रोड की मरम्मत की जाए एवं रम्बल स्ट्रिप का निर्माण कराया जाए साथ ही साथ खतौली भैंसी मोड़ पर डायवर्जन को सही करते हुए रंबल स्ट्रिप बनाई जाए। गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि शुगर मिल में चलने वाली समस्त ट्रक, ट्रैक्टर, ट्राली की फिटनेस जांच एवं लाइट रिलेक्टर भी लगाई जाए, जिससे रात में चलने पर किसी प्रकार की समस्या ना हो। पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देशित किया कि जनपद में अवैध रूप से तेज़ आवाज वाले साइलेंसर चलाने वाले वाहनों की चेकिंग की जाए तथा चालान रिपोर्ट कार्यालय में उपलब्ध कराई जाए। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अभिषेक सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विनीत मिश्र एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



## जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति की बैठक आहूत की गई, जिसमें डीएम ने कहा फरियादियों के जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन जांच एवं अन्य त्रुटियों के संबंध में किसी प्रकार की प्रार्थियों को तहसीलों में चक्कर नहीं काटने चाहिये, उनकी सुनवाई समय से ओर उनका निस्तारण भी समय से किया जाये ओर ना ही किसी प्रकार की जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन के संबंध में हमारे पास शिकायतें नहीं आनी चाहिये। संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए गए। इस बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित सिंह, जिला पिछड़ा कल्याण अधिकारी शिवेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

# पराली के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। आज अपर मुख्य सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आहूत वीडियो कन्फ्रेंसिंग में फसल अवशेष प्रबंधन में फसलों के अवशेषों को जलाने से रोकने के संबंध में समीक्षा की गई, जिस के क्रम में डीएम द्वारा जनपद में किए जा रहे कार्यों के संबंध में बताया कि विभाग द्वारा माह सितंबर में यंत्रों का क्रय समितियों व ग्राम पंचायतों द्वारा करा लिए जाएंगे, ग्रामीण क्षेत्रों में इस संबंध में विभिन्न स्थलों पर वॉल पेंटिंग का कार्य प्रगति में है एवं विभिन्न विकास खंडों तथा तहसील परिसरों में शीघ्र होर्डिंग्स लगवाने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दे दिए गए हैं। डीएम द्वारा कृषि विभाग के अधिकारियों को माह सितंबर में ही जनपद स्तर व न्याय पंचायत स्तर पर कृषक जागरूकता कैंप आयोजित कराने के निर्देश के साथ-साथ कृषि यंत्रों के प्रदर्शन के आयोजन का भी निर्देश दिए गए हैं। इसी के साथ यह भी निर्देश दिए गए हैं कि प्रवर्तन की कार्रवाई भी लगातार क्षेत्र में की जाए तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को सूचित किया जाए। इस बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आलोक यादव, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री आलोक कुमार, जिला कृषि अधिकारी जसवीर सिंह तेवतिया एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# दलित परिवार ने कलेक्ट्रेट पहुंच सुनाई डीएम को पीड़ा

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। घर में घुसकर मारपीट करने, आए दिन गाली गलौच और जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किए जाने के आरोप लगाते हुए एक दलित परिवार ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम दफ्तर पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान दलित परिवार ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में स्थानीय पुलिस पर आरोपियों के विरुद्ध कोई भी कार्यवाही न किए जाने के आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार की। जनपद के भोपा थाना क्षेत्र के गांव गडवाडा निवासी मथन सिंह पुत्र सुरेश पाल दलित ने अपने परिजनों और अन्य ग्रामीणों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित डीएम कार्यालय पर पहुंच धरना दिया। इस दौरान दलित मथन सिंह ने डीएम के नाम दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका भाई अजय कुमार गांव से बाहर रहकर मजदूरी करता है। उसने आरोप लगाया कि जब भी उसका भाईर अजय गांव में आता है तो गांव के ही निवासी योगेश कुमार व बबलू पुत्र जगमेर तथा रवि पुत्र जयवीर उसके भाई अजय के साथ मारपीट करते हैं तथा जान से मारने की धमकी देते हैं। मथन सिंह ने बताया कि 7 अगस्त से अजय घर आया हुआ है। 28 अगस्त को करीब 10 बजे रात्रि में अजय अपने घर पर परिजनों के साथ सो रहा था, तभी गांव के योगेश, बबलू व रवि अपने हाथों में तमंचा लेकर घर में घुस आये और अजय को गाली देकर गोली मारने की धमकी देने लगे। इस बीच शोर शराबा सुनकर पड़ौस के कई लोग भी आ गये। सभी के सामने आरोपियों ने मथन सिंह के परिवार को गांव से निकालने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार उक्त लोग कई बार इस तरह से हमला कर अपमानित व भयभीत कर चुके हैं। पीड़ित ने डीएम से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के साथ ही कार्यवाही कराने की गुहार की है।


**आवश्यकता है**



शहर के बीचों-बीच स्थित एक प्रतिष्ठित पैट्रोल पम्प पर 2 युवक/युवतियों की आवश्यकता है।

-: सम्पर्क करें :-
7017435939
8755115502





# सपा ने रैली निकाल किया अखिलेश के काम का प्रचार

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्ववर्ती सपा सरकार में प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए किए कार्यो का प्रचार प्रसार रैली निकालकर किया। इस बीच कार्यकर्ताओं ने जनता के बीच जाकर सपा के काम और योगी सरकार की गलत नीतियों का जमकर प्रचार किया। सपा यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर में हर बूथ पर यूथ कार्यक्रम में समाजवादी साइकिल यात्रा का आयोजन किया, जिसमें मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मार्गो से साइकिल रैली निकाली। रैली को जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सपा की साइकिल रैली के बीच कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पूर्व सरकार के कार्यकाल में किए कार्यो का तख्ती लेकर प्रचार-प्रसार किया। कार्यकर्ताओं ने इस बीच योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। विभिन्न मार्गो से होते हुए सपा कार्यालय पर समाप्त हुई। यहां जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश में गुंडा राज हैं। महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। महंगाई दिन पर दिन आसमान छू रही है, वहीं युवा बेरोजगार, किसान परेशान हैं और मजदूर भुखमरी के कगार पर है। अब समय आ गया है कि प्रदेश की योगी सरकार को हटाने का संकल्प सभी समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को लेना है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम ***सोनू पुण्डीर*** से बदलकर ***शिखा (SHIKHA)*** रख लिया है। अब भविष्य में मुझे ***शिखा (SHIKHA)*** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**शिखा (SHIKHA)**
***पत्नी श्री कुलदीप सिंह***
म0नं0 791/26/21,
रामपुरी, मुजफ्फरनगर

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम ***मानवी त्यागी*** से बदलकर ***दिशा त्यागी*** रख लिया है। अब भविष्य में मेरी पुत्री को ***दिशा त्यागी*** के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**योगेन्द्र त्यागी**
***पुत्र श्री श्याम सिंह त्यागी***
निवास : म0नं0 3555,
उत्तरी रामपुरी, गली नं0 2,
जिला : मुजफ्फरनगर


# भाजपा के कुशासन का सपा ही एकमात्र विकल्प : प्रमोद त्यागी

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. ने कहा कि भाजपा के साढ़े चार साल के कार्यकाल में प्रदेश में हर वर्ग परेशान है। इस कुशासन से केवल सपा ही जनता को बेहतर विकल्प लग रही है, जो 2022 में इस सरकार को उखाड़ने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि पार्टी की अधिवक्ता सभा में तरूण सौदाई एडवोकेट को महानगर अध्यक्ष बनाया है। महावीर चौक स्थित सपा कार्यालय पर आयोजित वार्ता में महानगर महामंत्री शलभ गुप्ता एड.. ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम की संस्तुति पर सपा अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप यादव ने तरुण सोदाई एड. को महानगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि आज कार्यालय पर आयोजित सभा में तरूण का स्वागत किया। इस सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी एड. और विशिष्ट अतिथि गौरव स्वरूप व राजपाल सैनी रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी व नगर अध्यक्ष अलीम सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी एक बढ़ा विकल्प बन कर प्रदेश में उभर रही है। उन्होंने कहा कि सपा हर वर्ग को साथ लेकर चल रही है, उसी कड़ी में अधिवक्ता सभा भी मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। अधिवक्ता समाज के महत्वपूर्ण अंग होते हैं, उनका पार्टी से जुड़ना दर्शाता है कि वर्ष 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी को सरकार बनने जा रही है। इस दौरान जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा रविन्द्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अमित गुप्ता एड. ने नवनियुक्त नगराध्यक्ष तरुण सौदाई एड को बधाई दी व मजबूत कार्यकारणी बनाने और सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर चलने का निर्देश दिए। नवनियुक्त अध्यक्ष तरुण सौदाई एड. ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान जनार्दन विश्वकर्मा, मुकेश वशिष्ठ, महक सिंह, अमित शीन, उमर खां, फराज अंसारी, मुकुल त्यागी, रचित गोयल, विजय बाटा, रईस मलिक, संदीप, रवि एवं सतेन्द्र त्यागी एडवोकेट मौजूद रहे।

# ५ सितम्बर को होने वाली महापंचायत में शामिल होंगे कई लाख किसान

चरथावल, ३१ अगस्त (बु.)। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने कहा कि हमने भी भाजपा को वोट दिया था, लेकिन सरकार उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकी और किसानों के साथ बड़ा छल किया है। अब भाजपा को हराए बिना काम नहीं चलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का खेती से मोहभंग करना चाह रही है। जब किसानों की दिलचस्पी नहीं रहेगी, तो कम दामों में उनसे जमीन भी ले ली जाएगी। बड़े खरीदारों की कमी नहीं है। चरथावल ब्लॉक सभागार में ५ सितंबर को होने वाली महापंचायत को लेकर समीक्षा पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत, लाटियान खाप के चौधरी ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व भाकियू मण्डल महासचिव राजू अहलावत, मुख्य अतिथि भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत ने शिरकत की इस मौके पर उन्होंने कहा कि अडानी-अंबानी रेल भी खरीद रहे हैं। हमारी युवा पीढ़ी शहरों का रुख कर रही है। शहर में खर्चे बहुत हैं और अधिकांश की अपेक्षित आमदनी नहीं। ऐसे में युवाओं के गलत हाथों में जाने की भी चिंता रहती है। कहा कि मुजफ्फरनगर की किसान महापंचायत ऐतिहासिक होगी। उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के काफी किसान शामिल होंगे। मुजफ्फरनगर और शामली के किसानों का जिम्मा महापंचायत में व्यवस्था संभालने का रहेगा। कोई किसान भूखा नहीं रहना चाहिए। समीक्षा पंचायत का आयोजन पूर्व भाकियू तहसील अध्यक्ष विकास शर्मा, पूर्व तहसील उपाध्यक्ष कुलदीप त्यागी, पूर्व नगर अध्यक्ष अभिषेक बंसल द्वारा किया गया। इस मौके पर राजू अहलावत, विकास शर्मा, जहीर फारूकी, अमरजीत चौधरी, विपिन, सतेंद्र पुण्डीर, कुलदीप त्यागी, संजय त्यागी, शीलू त्यागी, अभिषेक बंसल, भूरा आढ़ती, आसिफ गय्यूर, वसी नम्बरदार, ब्रजपाल राणा, सरफराज त्यागी, ताजीम त्यागी, रियासत बबरा, मामचंद ठाकुर, पवन त्यागी, बबली शर्मा, सतीश त्यागी, सुंदर पांचाल, राकेश कश्यप, इस्लाम चेयरमैन, तेजपाल राणा, पप्पू राणा, मांगेराम शर्मा, दीपक शर्मा, नीटू प्रधान, मास्टर जितेंद्र, सौरभ त्यागी, ताहिर अंसारी आदि मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक 53/P.W.D./NPP/MZN/2021-22 दिनांक 31.08.2021

***अल्पकालीन ई-निविदा सूचना***

**नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2021-22 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है, कि निम्नलिखित कार्यो हेतु दिनांक 13/09/2021 को दोपहर 12 बजे तक ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 02/09/2021 की प्रातः 10 बजे से दिनांक 13/09/2021 की दोपहर 12 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। कार्य की धरोहर एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी। निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी करते हुए निविदा खोले जाने से पूर्व कार्यालय को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनांक 13/09/2021 की दोपहर 12 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है, तो निविदा अगले कार्यदिवस को खोली जायेगी। अधिक जानकारी हेतु ऊपर दी गयी वेबसाईट पर लॉगइन कर सकते हैं।**

***सहायक अभियन्ता (निर्माण)*** ***अधिशासी अधिकारी*** ***अध्यक्ष***


# 'दुर्गा मंदिर चांदपुर का ८४वां वार्षिक उत्सव प्रारंभ'

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बुस.)। परंपरा अनुसार वार्षिक उत्सव का प्रारंभ कमेटी मेंबर द्वारा हवन करके किया गया। कोरोना महामारी के चलते चांदपुर मेले को स्थगित रखा गया है। मेले में ध्वजारोहण भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, ग्राम प्रधान सुनील कुमार के द्वारा किया गया। विकास अग्रवाल मीडिया प्रभारी, अशोक सिंघल अध्यक्ष चांदपुर मंदिर समिति व जिला संयोजक शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भाजपा, सुशील कुमार मंत्री मंदिर समिति, गुड्डू, कल्लू, आलोक मंदिर समिति, अनुज सिंघल कोषाध्यक्ष, सुरेश धीमान, शिवम सिंघल, निशांत सिंघल, पिंकू चौधरी, आदेशपाल आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंदिर प्रांगण में गीत व भजन आदि का गायन लगातार चलता रहा। गांव चांदपुर व आसपास के गांवों के लोग ने प्रसाद चढ़ाया और दुर्गे मां का आशीर्वाद प्राप्त किया। वार्षिकोत्सव ३ दिन तक चलता है, जो कि इस वर्ष ३१ अगस्त से शुरू होकर २ सितंबर तक चलेगा तथा ३ सितंबर को भंडारे के साथ समापन होगा। पहले दिन देवी मां के भंडारे का आयोजन समिति के कोषाध्यक्ष अनुज सिंघल, दूसरे दिन के भंडारे का आयोजन कुलदीप सिंघल, नवनीत सिंघल तथा तीसरे दिन के भंडारे का आयोजन गांव मखियाली के लोगों द्वारा किया गया। गांव चांदपुर में आस-पास के गांव के लोगों ने वार्षिक उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा मां दुर्गे का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## जिला अस्पताल में पूर्व सैनिक व भाई का हंगामा

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अग्रसेन विहार में पूर्व सैनिक मोहनलाल पक्ष की घर के सामने रहने वाले पड़ौसी से महिला पर छींटाकशी किए जाने को लेकर करीब एक माह से विवाद चल रहा था। मंगलवार को इसी प्रकरण को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को लेकर मेडिकल कराने के लिए जिला अस्पताल पहुंची, जहां एक बार फिर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई, जिससे हंगामा खड़ा हो गया। यह देख मौके पर मौजूद एक पुलिसकर्मी ने बीचबचाव का प्रयास किया, जिसके साथ पूर्व सैनिक ने तैश में आकर बदसलूकी कर दी। इस पर पुलिस ने पूर्व सैनिक मोहनलाल और उसके भाई राजन को गिरफ्तार कर लिया, जिनका बाद में शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया।

## गांधी कॉलोनी में दुकान में चोरी का खुलासा

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के गांधी कॉलोनी स्थित दुकान में करीब एक माह पूर्व चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। चोर दुकान से मोबाइल, मोबाइल एसेसिरीज के साथ ही बीड़ी–सिगरेट व अन्य सामान चोरी कर ले गए थे। मामले में दुकान मालिक अनमोल ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इंस्पेक्टर अनिल कप्परवान ने बताया कि मामले में मौहल्ला रामलीला टिल्ला निवासी नितिन जैन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के कब्जे से दुकान से चोरी किए गए बीड़ी–सिगरेट व अन्य सामान बरामद किया गया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## फर्जी बैनामा करने का आरोपी गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने फर्जी कागजात के जरिये फर्जी बैनामा करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सहारनपुर जनपद के देवबंद क्षेत्र के गांव इमलिया निवासी धर्मबीर के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है, जिसमें वह फरार चल रहा था। पुलिस ने आज आरोपी धर्मबीर को सहारनपुर बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया, जिसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

## राहगीरों से मारपीट का आरोपी पकड़ा

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। सिविल लाइंस थाना पुलिस ने मौहल्ले में राहगीरों से झगड़ा व मारपीट कर रहे युवक को हिरासत में ले लिया। मौहल्ला केशवपुरी निवासी रजत का बाद में शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया है।

## युवती के अपहरण

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। सिखेड़ा निवासी वकील पुत्र नूर मौहम्मद ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि उसके गांव के ही अर्जुन उर्फ काला, अमित पुत्रगण जनेशर व मोनू पुत्र नैपाल उसकी नाबालिग पुत्री मुस्कान का 9 अगस्त को अपहरण कर ले गए हैं। शिकायती पत्र में वकील का कहना है कि न तो पुलिस द्वारा अभी तक उसकी पुत्री की बरामदगी की गयी है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी की गयी है। वकील को भय है कि कहीं उसकी पुत्री मुस्कान की इन लोगों ने हत्या न कर दी हो। घटनासे गांव में तनाव व्याप्त है। वकील ने बताया वह और आरोपी व्यक्ति अलग–अलग समुदाय के व्यक्ति हैं तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोग हैं। उसने आरोप लगाया कि ग्राम इलाहाबास, थाना भोपा निवासी सौरभ पुत्र रामफल ने भी अहृतकर्ताओं को शरण दे रखी हैं और सौरभ का भी उसकी पुत्री के अपहरण में हाथ है। उसने बताया कि वह गरीब व कमजोर व्यक्ति हैं और आरोपी दबंग किस्म के हैं, जिससे उसे उनसे अपनी जान का खतरा भी हो गया है। वकील ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर अपनी पुत्री को सकुशल बरामद करने की मांग की है।

## सीजेआई ने नौ जजों को दिलाई शपथ

नयी दिल्ली, 31 अगस्त ( वार्ता ) भारत के मुख्य न्यायाधीश ( सीजेआई ) ने नौ नवनियुक्त न्यायाधीशों को मंगलवार को शपथ दिलाई। शीर्ष अदालत के नये भवन परिसर के सभागार में सुबह साढे दस बजे से आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति ने सभी नौ न्यायाधीशों को शपथ दिलायी। कार्यक्रम 11 बजे तक चला। आमतौर पर नवनियुक्त न्यायाधीशों को सीजेआई के कोर्ट कक्ष में शपथ दिलायी जाती है। लेकिन यह पहला मौका था कि यह कार्यक्रम सीजेआई कोर्ट के बाहर आयोजित किया गया। ऐसा कोविड नियमों के पालन की दृष्टि से किया गया था। सीजेआई की अध्यक्षता वाले पांच सदस्यीय सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 17 अगस्त को आयोजित बैठक में हाईकोर्ट के चार मुख्य न्यायाधीशों, चार न्यायाधीशों और एक वरिष्ठ अधिवक्ता के नाम की सिफारिश उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद के लिए की थी। शपथ लेने वाले न्यायाधीशों में न्यायमूर्ति ए एस ओका, न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी, न्यायमूर्ति हीमा कोहली शामिल हैं। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, न्यायमूर्ति सी. टी. रविकुमार, न्यायमूर्ति एम. एम. सुन्दरेश न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा को भी न्यायाधीश पद की शपथ दिलायी गई। ऐसा पहली बार हुआ कि न्यायाधीशों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन से किया गया।

**शेष : प्रधानमंत्री आवास...**

मंगलवार को डीएम चन्द्रभूषण के निर्देश पर जिला परियोजना अधिकारी डूडा अपने अन्य कर्मचारियों के साथ वार्ड के सभासद को लेकर अजय पाल के घर पहुंचे। इस दौरान वहां पहुंचे अधिकारियों ने अजय पाल का पीएम आवास योजना शहरी में लाभ दिलाने के लिए आवेदन कराया, ताकि योजना का लाभ दिया जा सके।

**इन्होंने कहा**– परियोजना अधिकारी डूडा डॉ. अनुज प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार 30 अगस्त को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पीएम स्ट्रीट वेंडर के लाभार्थी अजय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वार्ता की थी, जिसमें मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया था कि इन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का लाभ दिलवाया जाए। इस क्रम में डीएम के निर्देशों के बीच नगरीय विकास अभिकरण डूडा की टीम आनन्दपुरी स्थित उनके आवास पर पहुंच कर अब प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी का फार्म भरवाया गया है। उन्होंने बताया कि अजय के साथ दोनों भाइयों दीपक, प्रदीप का भी पीएम आवास योजना में फार्म भरवाया गया।

# जिला योजना समिति में ग्यारह सदस्य निर्विरोध निर्वाचित, 4 पदों पर होगा चुनाव

## ❑ जिला योजना में चार वर्ग के 13 पदों पर निर्वाचन तीन को
## ❑ मंगलवार को किसी प्रत्याशी ने नहीं लिया वापस नामांकन

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। जिला पंचायत में जिला योजना समिति सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया के बीच मंगलवार को डीएम कोर्ट में नाम वापसी की प्रक्रिया के अंतिम दिन कोई नामांकन वापस न होने के चलते निर्वाचन होना तय हो गया है। जिला योजना समिति के 6 वर्गो में विभाजित 24 सदस्य पदों में से 4 वर्ग के 13 पदों पर निर्वाचन अब 3 सितम्बर को होगा। विपक्षी खेमे द्वारा नामांकन वापस नहीं लिए जाने के बाद उक्त चुनाव की नौबत बनी है। हालांकि इस बीच जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल जिला योजना समिति 2 वर्गो में अपने समर्थक 11 सदस्यों को निर्विरोध चुने जाने में सफल रहे।

मंगलवार को नाम वापसी के दिन किसी भी उम्मीदवार के द्वारा नामांकन पत्र वापस नहीं लिया गया। विपक्ष की बनाई रणनीति के बीच जिला योजना समिति सदस्य पदों के लिए निर्वाचन की स्थिति बनी है वहीं अनारक्षित के 9 व अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के 2 पदों पर सदस्यों का आज निर्विरोध निर्वाचन हो गया। अब जिला पंचायत में जिला योजना समिति के कुल 13 पदों पर 17 महारथियों के बीच चुनाव होगा। मंगलवार को नाम वापसी के बाद निर्विरोध चुने गए पंचायत सदस्यों में अनारक्षित वर्ग से अमर कांत, अमित, अरूण, तुषार चौहान, भगवान शर्मा, मनोज, रिहान अली, विजय कुमार और विरेन्द्र उर्फ बिल्लू के नाम शामिल हैं तो अन्य पिछड़ा वर्ग महिला में फरहाना पत्नी शाह नजर और साबिदा पत्नी मूसा जिला योजना समिति में सदस्य निर्वाचित हुई। वहीं अनारक्षित वर्ग महिला के 4 पदों के लिए पांच प्रत्याशियों आरिफा, गुड्डी, जरीन, बालेश्वरी, वन्दना वर्मा व हुसनो के बीच में चुनाव होगा। वहीं अनुसूचित जाति वर्ग के 3 पदों के लिए 4 प्रत्याशी प्रवीण कुमार, विकास, शौकीन, सचिन तथा अनुसूचित जाति वर्ग के एक पद के लिए सत्ता पक्ष की सुरेशना पत्नी कमाल और विपक्ष की अनुराधा पत्नी संजय कुमार के बीच ड़ि मुकाबला तय है। अन्य पिछड़ा वर्ग के 4 पदों के लिए 5 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनमें इमरान, तरूण कुमार, प्रमोद कुमार, रजत और शाहनवाज शामिल हैं।

**इन्होंने कहा**–सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत संजीव कुमार ने बताया कि मंगलवार को नाम वापसी के आखिरी दिन किसी प्रत्याशी ने पर्चा वापस नहीं लिया है, जिस कारण 13 पदों के लिए 17 प्रत्याशियों के बीच 3 सितम्बर को चुनाव होगा। इस चुनाव में जिला पंचायत के 43 सदस्य अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मतदान डीएम कोर्ट में प्रात: 8 बजे से 3 बजे तक होगा। 3 बजे के बाद मतगणना पूर्ण होने के बाद परिणाम घोषित किये जायेंगे। बता दें, जिला पंचायत के जिला योजना समिति सदस्यों के निर्वाचन के लिए पूर्व में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम चन्द्र भूषण सिंह द्वारा अधिसूचना जारी की गई थी जिसमें जिला पंचायत से कुल 24 सदस्यों का वर्गवार निर्वाचन जिला योजना समिति सदस्य के रूप में किया जाना है। इसमें अनारक्षित वर्ग में 9, अनुसूचित जाति वर्ग में 3, अन्य पिछड़ा वर्ग से 4, अनारक्षित महिला वर्ग में 5, अनुसूचित जाति महिला वर्ग में 1 और अन्य पिछड़ा वर्ग महिला वर्ग में 2 सदस्यों का निर्वाचन होना है। उक्त 24 पदों के सापेक्ष जिला योजना समिति के लिए कुल 28 नामांकन पत्र दाखिल किये गए, जिनमें सत्ता पक्ष के 24 सदस्यों ने नामांकन किया वहीं विपक्षी खेमे से 4 सदस्यों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था।

## ब्रिटिश घुड़सवार ली पियर्सन ने 14वां पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीता

टोक्यो, 31 अगस्त ( वार्ता/शिन्हुआ ) ब्रिटिश घुड़सवार ली पियर्सन ने यहां सोमवार को टोक्यो पैरालंपिक में पैरा-ड्रेसेज व्यक्तिगत फ्रीस्टाइल टेस्ट ग्रेड दो स्पर्धा जीत कर अपना 14वां पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीता। 47 वर्षीय पियर्सन ने अपने घोड़े ब्रीजर के साथ 82.447 प्रतिशत अंक हासिल कर स्पर्धा जीत कर स्वर्ण हासिल किया। ऑस्ट्रिया के पेपो पुच ने रजत, जबकि ब्रिटेन के एक अन्य घुड़सवार जॉर्जिया विल्सन ने कांस्य पदक जीता।



शहर बालाजी मंदिर में आरती करते मुख्य अतिथि व आरती में शामिल आयोजक।

# शहर बालाजी मंदिर पर भारत विकास परिषद (सम्राट) द्वारा किया महाआरती का आयोजन

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। टाऊन हॉल स्थित शहर बालाजी मंदिर पर भारत विकास परिषद (सम्राट) द्वारा महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। परिषद के चेयरमैन शशिकांत मित्तल एवं संगठन सचिव के सानिध्य में मुख्य अतिथि सम्पादक अंकुर दुआ द्वारा भगवान बालाजी की महाआरती की गयी। महाआरती के उपरांत स्वागत कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथियों को पटका पहनाकर उन्हें परिषद की ओर से प्रतीक चिह्न भेंट किया गया। महाआरती के दौरान बालाजी के सैंकड़ों भक्तों ने कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान अध्यक्ष सुनील गर्ग, वित्त सचिव सौम्य कौशल, महिला संयोजिक शशि सिंघल, सचिव डॉ. नितिन जैन के साथ–साथ कार्यक्रम चेयरमैन अरविंद गुप्ता, संयोजक रोहताश कर्णवाल, डॉ. बी.डी. भारद्वाज, पी.के. गुप्ता, अशोक गोयल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्कृति पखवाड़ा के अंतर्गत यह छटा कार्यक्रम किया जा रहा है। कार्यक्रम के आयोजक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उसी क्रम में आज भगवान बालाजी के आरती का कार्यक्रम रखा गया है।

## सड़क हादसे में युवक गंभीर

मुजफ्फरनगर, ३१ अगस्त (बु.)। तितावी क्षेत्र के गांव जाग्गाहेड़ी व बघरा के बीच हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि जाग्गाहेड़ी निवासी कल्लू पुत्र ओमकारा बीती रात अपना काम समाप्त कर पैदल ही अपने घर की ओर आ रहा था, तभी पीछे से आई तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे मेरठ के लिये रेफर कर दिया गया। मेरठ में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर घर पहुंचे। परिजनों का कहना है कि घर पहुंचने पर कल्लू के शरीर में हलचल हुई और उसकी सांसे चलने लगी। परिजन उसे जिला अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों का कहना है कि परिजनों को कोई वहम हुआ था।

# एक आतंकी दो हथगोलों समेत पकड़ा

तरनतारन, 31 अगस्त ( वार्ता ) विदेशी आतंकवादी संगठनों से जुड़े आतंकवादी सरूप सिंह की गिरफ्तारी से पंजाब के तरनतारन जिले में संभावित आतंकी हमले को नाकाम कर दिया गया। आतंकी सरूप सिंह तरनतारन जिले के जौहल धालीवाला गांव का है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता ने आज यहाँ बताया कि उसके कब्जे से चीन निर्मित दो हथगोले भी बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि सरूप सिंह को तरनतारन जिला पुलिस ने सोमवार को अमृतसर-हरीके रोड पर एक चौकी में संदेह के आधार पर पकड़ा था। यह गिरफ़्तारी उस समय हुई है जब पंजाब में हथगोलों और आरडीएक्स से भरे टिफिन बॉक्स के अलावा अन्य हथियार और गोला बारूद की बरामदगी हो रही है। विदेश आतंकवादी संगठनों तथा देश विरोधी तत्वों की ओर से सीमावर्ती राज्य की शांति और भाईचारे को भंग करने की बड़ी कोशिशों का संकेत है। ज्ञातव्य है कि इससे पहले गत 8 अगस्त को, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने लोपोके के गाँव दल्लेके से टिफिन बम के साथ पाँच हथगोले बरामद किए गए थे। स्टेट स्पैशल ऑपरेशन सैल, अमृतसर ने 16 अगस्त को अमृतपाल सिंह और शम्मी के पास से अन्य हथियारों समेत उपरोक्त मार्के और मॉडल ( पी-86 ) के दो हथगोले बरामद किए गए थे। कपूरथला पुलिस ने गत 20 अगस्त को फगवाड़ा से गुरमुख सिंह बराड़ और उसके साथी से दो हथगोले, एक टिफिन बम और अन्य विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। श्री गुप्ता ने बताया कि प्राथमिक जाँच के दौरान सरूप सिंह ने खुलासा किया है कि वह सोशल मीडिया के द्वारा विदेशी आधारित आतंकवादी संचालकों के संपर्क में आया था और उन्होंने उसे कट्टरपंथी बनाया और पंजाब में आतंकवादी कार्यवाहियों को अंजाम देने के लिए प्रेरित किया। व्यापक आतंकवादी नैटवर्क और उनकी योजनाओं का पता लगाने के लिए जांच जारी है। प्राथमिक जांच से यह भी पता लगता है कि यह सभी खेपें सरहद पार से अलग-अलग आतंकवादी संगठनों द्वारा पंजाब में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए भेजी जा रही हैं। इस दौरान कल विस्फोटक पदार्थ ( संशोधन ) एक्ट की धारा 3, 4 और 5 के तहत सिटी तरनतारन थाने में मामला दर्ज किया गया।

## पुरानी रंजिश के चलते मारपीट कर युवक को किया घायल

बुढ़ाना, ३१ अगस्त (बु.)। पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया गया। इस मामले में पीड़ित द्वारा पुलिस को शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। सैय्याद पुत्र शहीद निवासी ग्राम जौला बुढ़ाना ने स्थानीय पुलिस को एक तहरीर देते हुए बताया कि इसरार और काला उर्फ तालिब पुत्रगण याकूब, हारून और फारूख पुत्रगण मुनसैद समस्त निवासीगण ग्राम जौला उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। बीती सोमवार की शाम वह और तैमूर अपने खेत से घर पर आ रहा था, जब वह गांव के ही इन्तजार के घर के सामने पहुंचा, तो वहाँ पर पहले से ही मौजूद आरोपियों ने उसको पकड़ लिया तथा हाथापाई शुरू कर दी। आरोपियों ने कहा कि आज तेरा काम तमाम कर देंगे, तब वह किसी तरह से आरोपियों से छूटकर मौके से भाग कर अपने घर में घुस गया। इसके बाद आरोपियों ने उसका पीछा करते हुए उसके घर में घुसकर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए ऐलानियां धमकी दे दी है कि मौका लगते ही उसको गोली से उड़ा देगे। अगर बचना है तो बच लेना। वह आरोपियों की धमकियों से बेहद डरा हुआ है। आरोपी किसी भी समय उसकी हत्या कर सकते हैं। पीड़ित ने पुलिस से सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भारतीय विमानन उद्योग को 260 अरब रुपये के नुकसान का अनुमान

नयी दिल्ली 31 अगस्त ( वार्ता ) चालू वित्त वर्ष में भारतीय विमानन उद्योग को 260 अरब रुपये का नुकसान हो सकता है और वर्ष 2022-24 के दौरान इसको 470 अरब रुपये तक की अतिरिक्त फंडिंग की जरूरत पड़ सकती है। बाजार अध्ययन और सलाह सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को इस संबंध में जारी अपनी रिपोर्ट में यह अनुमान जताते हुये कहा कि चालू वित्त वर्ष में 45 से 50 प्रतिशत तक विमानन यात्रियों की संख्या में बढोतरी होने की संभावना है। मार्च 2022 में समाप्त होने वाले वित्त वर्ष में भारतीय एयरलाइनों के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में 80 से 85 फीसदी की बढोतरी दिख सकती है लेकिन यह अभी भी वित्त वर्ष 2016 के स्तर से कम है।

## शामली स्टैंड पर दो युवकों पर हमला

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। शामली बस स्टैंड पर दो युवकों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया गया। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कृष्णापुरी निवासी शिवम गुप्ता ने तहरीर देकर बताया कि वह रविवार देर रात अपने दोस्त उत्सव के साथ किसी काम से शामली बस स्टैंड पर गया था। वहां अक्षय सिंघल के साथ उसकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि अक्षय सिंघल ने अपने साथियों अंकित वर्मा, पारस जैन, अमन वर्मा, धांधू, मोनू चौधरी, मोनी त्यागी और शशांक समेत चार-पांच अज्ञात के साथ मिलकर लाठी-डंडों से उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने दोनों युवकों के साथ बुरी तरह मारपीट कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर मचाने पर पहुंची पुलिस ने उन्हें बचाकर जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया, जबकि हमलावर धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 22,031 लोगों को लगा 81 केंद्रों पर कोरोना का टीका

मुजफ्फरनगर, 31 अगस्त ( बु. )। मंगलवार को जनपद में 81 केन्द्रों पर कुल 22031 लोगों को कोरोना की चैन के साथ ही कोरोनामुक्ति की दिशा में शुरू प्रयासों की कड़ी में कोरोना का टीकाकरण किया। इस दौरान जिले में ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में 2486 लोगों ने अपना वैक्सीनेशन कराया। उधर, जनपद में कोरोना का मंगलवार को भी कोई नया संक्रमित न मिलने से राहत का क्रम जारी रहा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. महावीर सिंह फौजदार ने बताया कि मंगलवार को जनपद में कुल 22,031 लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। उन्होंने कहा कि कोरोना टीकाकरण केंद्रों पर 19,545 लोगों को टीकाकरण किया, जिनमें से 16,987 लोगों को प्रथम डोज तथा 2558 लोगों को दूसरी डोज लगाई गई। उन्होंने जिले में ऑनलाइन स्लॉट लेकर 18 से 44 आयु वर्ग में कुल 2486 लोगों ने कोरोना का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि जनपद में मंगलवार को 655 लोगों की आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, जिसमें कोई नया कोरोना पॉजिटिव मरीज जिले में नहीं मिला। उन्होंने बताया कि जनपद में दोनों लहरों के बीच अब तक 30,648 लोगों में कोरोना संक्रमण के लक्षण मिले, जिनमें से स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 30,379 लोगों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। इस दौरान जनपद में कुल 269 लोगों की कोरोना से मौत होने की पुष्टि की गई।

## नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कारतूस मिलने से सनसनी

नयी दिल्ली, 31 अगस्त ( वार्ता ) राष्ट्रीय राजधानी में नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को 11 कारतूस मिलने से वहां सनसनी फैल गयी। पुलिस उपायुक्त ( रेलवे ) हरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को 'यूनीवार्ता' को बताया कि ये कारतूस सुबह करीब आठ बजे अजमेरी गेट की तरफ स्टेशन भवन के मुख्य द्वार के पास स्थित वाहन पार्किंग स्थल पर पड़े मिले। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच में इस घटना का संबंध किसी आपराधिक मामले से होने की आंशका नहीं है। ये किसी पुलिस पेट्रोलिंग दल के हो सकते हैं। वास्तविकता का पता लगाने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि आखिर ये कारतूस किसे जारी किये गये थे।

# भारत ने तालिबान को अपनी चिंताओं से अवगत कराया: दीपक मित्तल

दोहा, 31 अगस्त ( वार्ता ) अफगानिस्तान में सरकार बनाने जा रहे तालिबान के साथ भारत का पहला आधिकारिक संपर्क मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा में भारतीय राजदूत दीपक मित्तल और तालिबानी प्रतिनिधि शेर मोहम्मद अब्बास स्तानेकजई के बीच हुई बैठक से हुआ। एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह बैठक दोहा में भारतीय दूतावास में तालिबानी पक्ष के आग्रह पर हुई। बयान के अनुसार इस बैठक में श्री मित्तल ने अफगानिस्तान में फंसे भारतीयों की सुरक्षा, भारतीयों की जल्द एवं सुरक्षित वापसी और अफगानी नागरिकों खास अल्पसंख्यकों के भारत प्रवास को लेकर प्रमुखता से भारत का पक्ष रखा। श्री मित्तल ने स्तानेकजई से कहा कि उनके देश की चिंता है कि अफगानिस्तान की जमीन को भारत विरोधी गतिविधियों के लिए इस्तेमाल नहीं होने दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी हरकतों के लिए किसी भी रूप में नहीं होना चाहिए। तालिबानी प्रतिनिधि स्तानेकजई ने श्री मित्तल को आश्वस्त किया कि इन सभी मसलों पर सकारात्मकता के साथ ध्यान दिया जायेगा। दोहा में हुई यह बैठक अमेरिका के 20 वर्ष बाद अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं की वापसी के पश्चात तालिबानी सरकार के गठन के पहले हुई है। दोहा में यह बैठक संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की भारत की अध्यक्षता में हुई बैठक के एक दिन बाद हुई। परिषद की बैठक में अफगानिस्तान पर एक प्रस्ताव पारित किया गया था जिसमें कहा गया कि तालिबान को सुरक्षित भ्रमण सुनिश्चित करने और अफगानी जमीन को किसी दूसरे देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए किसी भी रूप में इस्तेमाल न करने देने के अपने आश्वासन पर टिके रहना चाहिए। भारत यद्यपि पहले भी तालिबान के संपर्क में रहा है, उसने 12-13 अगस्त को दोहा वार्ता में शिरकत की थी, लेकिन वह उस बातचीत में अंतरराष्ट्रीय वार्ता दल के एक सदस्य के रूप में शामिल हुआ था। मंगलवार की बैठक लेकिन दोनों पक्षों के बीच ही हुई और इस बैठक में श्री मित्तल और स्तानेकजई ही शामिल हुए। इस बैठक में भारत ने सीधे तौर पर तालिबान को अपनी चिंताओं से अवगत कराया। गौरतलब है कि स्तानेकजई का भारत से पुराना नजदीकी संपर्क रहा है। वह भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून से 1980 में प्रशिक्षण ले चुके हैं। स्तानेकजई ने शनिवार को कहा था कि तालिबान भारत के साथ 'अच्छे संबंध' बनाये रखना चाहता है।

# शामली बाईपास का हॉटमिक्स निर्माण शुरु



शामली बाइपास का बलवा गुजरान में हॉटमिक्स से निर्माण करते हुए।

शामली, 31 अगस्त ( बु. )। शामली बाईपास का निर्माण अगले चरण में पहुंच गया है। मंगलवार से बाईपास को हॉटमिक्स से सुदृढ़ीकरण शुरू कर दिया गया है, जिससे आने वाले समय में बाईपास पर आवागमन शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। पिछले करीब दो दशकों से अधिक समय से शामली नगर जाम की समस्या से जूझ रहा है। शहर के नागरिकों को जाम की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई ) द्वारा दिल्ली- -शामली-सहारनपुर फोरलेन नेशनल हाईवे पर ग्राम बलवा गूजरान से साईंधाम मंदिर तक फोरलेन बाइपास का निर्माण किया जा रहा है। बाईपास के निर्माण में कई बड़ी बाधाएं आयी, जिसमें किसानों द्वारा कम मुआवजे की शिकायतें शामिल थी। वर्षों के संघर्ष के बाद अब बाईपास का निर्माण चल रहा है। मिट्टी से हाईवे को ऊंचा उठाने और उस पर पत्थर की परत बिछाने के बाद हाईवे कंस्ट्रक्शन एजेंसी ने मंगलवार से सुदृढ़ीकरण के लिए हॉटमिक्स से बाईपास का निर्माण शुरू कर दिया गया है। निर्माण कंपनी के इंजीनियर दिनेश सिंघल ने बताया कि बरसात के बाद बाईपास निर्माण के कार्य में तेजी आएगी। बाईपास के निर्माण कार्य में तेजी आने से इस वर्ष के अंत तक शामली के नागरिकों को जाम की समस्या से राहत मिलने की संभावना बढ़ गई है।

## उप्र के पांच और जिलों में आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना की संस्तुति

लखनऊ, 31 अगस्त ( वार्ता ) उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के पांच जिलों में नवीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की संस्तुति कर दी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी की अध्यक्षता में गठित समिति ने मंगलवार को यहां कन्नौज, गौतमबुद्ध नगर, शाहजहांपुर, सुल्तानपुर एवं मिर्जापुर में नवीन राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय की स्थापना की संस्तुति की गई। उन्होंने बताया कि कन्नौज, गौतमबुद्ध नगर एवं शाहजहांपुर में कोई भी राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित नहीं है तथा सुल्तानपुर में दो बालक विद्यालय संचालित हैं, लेकिन कोई भी बालिका विद्यालय नहीं है। उन्होंने बताया कि मिर्जापुर में 02 बालक/बालिका विद्यालय संचालित हैं, लेकिन जिले में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की बाहुलता के दृष्टिगत एक और नवीन विद्यालय का प्रस्ताव रखा गया। इस सबंध में सभी जिलो में मानक के अनुरूप 05 एकड़ भूमि का प्रबन्ध किया जा चुका है। बैठक में मुख्य सचिव श्री तिवारी ने कहा कि अनुसूचित बाहुल्य ऐसे जिलो में जहां पर एक भी आश्रम पद्धति विद्यालय नहीं है, उनको प्राथमिकता पर लिया जाये तथा सम्बन्धित जिलाधिकारियों से प्रस्ताव प्राप्त किये जायें। बैठक में बताया गया कि शामली, मुजफ्फरनगर, मऊ, बागपत एवं हापुड़ में विद्यालय स्थापना के लिए प्रस्ताव मांगे गये है तथा भूमि उपलब्ध होने पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी। इसके अतिरिक्त सभी जिलो में विद्यालय संचालित /निर्माणाधीन हैं, अथवा स्वीकृति की प्रक्रिया में है। बैठक का संचालन करते हुए प्रमुख सचिव समाज कल्याण के. रवीन्द्र नायक ने बताया कि प्रदेश में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य वर्गों के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवासीय सुविधा के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश में राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालयों की स्थापना एवं संचालन किया जाता है।

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

बुढ़ाना, ३१ अगस्त (बु.)। दिल्ली की राबिया सैफी के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर युवा वर्ग ने केंडल मार्च निकालकर बुढ़ाना पुलिस को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि लड़की राबिया सैफी दिल्ली सिविल डिफेन्स में कार्यरत थी। वाक्या बीती २६ अगस्त का है। लड़की राबिया सैफी पुत्री समीद अहमद निवासी ग्राम पेत्री मुरादाबाद हॉल निवासी संगम विहार दिल्ली का बलात्कार करके उसका धारदार हथियारों से शरीर का एक–एक अंग अलग कर दिया गया है, जिसकी बड़ी ही बर्बरता से निर्ममतापूर्वक तरीके से हत्या की गयी है। इसलिए उक्त प्रकरण की जाँच निष्पक्षता पूर्ण कराया जाना न्यायहित में अति आवश्यक है। उक्त प्रकरण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्यवाही किये जाने की कृपा करें, जिससे मृतक लड़की को इंसाफ मिल सके। ज्ञापन देने वालों में सैम फारुख सैफी, नाहिद सैफी, ओसामा, अफसर, राशिद सलमानी, जमशेद अंसारी, मुबारिक सैफी, फारुख, शरीक, अरशद प्रधान जोला, मोमिन सैफी, जावेद मेंबर, भोला, फारुख मंदवाड़ा, अफसर प्रधान और गुफरान आदि उपस्थित थे। ज्ञापन बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार द्वारा चौधरी चरण सिंह तिराहे पर आकर लिया गया। इससे पहले यहां पर दिल्ली पुलिस और हत्यारों के खिलाफ नारेबाजी की गई।

## पंद्रह दिनों में पास होगा अब मकान का नक्शा

लखनऊ, ३१ अगस्त (नेट)। उत्तर प्रदेश में घर बनाने के लिए नक्शा पास करने की समय–सीमा और कम कर दी गई है। इसके बाद ऑनलाइन नक्शा अब ३० दिन के स्थान पर १५ दिन में ही पास हो जाएगा। प्रमुख सचिव आवास दीपक कुमार ने इस सम्बंध में शासनादेश जारी कर दिया है। ऑनलाइन नक्शा स्वीकृत करने की समय सीमा ३० कार्य दिवस में करने की व्यवस्था २० जून २०१६ को लागू की गई थी। बिल्डिंग रिफार्म अप्रूवल प्लान (बीआरएपी–२०२०) के आधार पर इसमें संशोधन करते हुए इसे १५ दिन कर दिया गया है। इसके मुताबिक अनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम पर ऑनलाइन नक्शा जमा होने के बाद पास करने तक के लिए समय सीमा में संशोधन किया गया है। अवर अभियंता को अब तीन दिन में नक्शा संस्तुति करके भेजना होगा। अभी तक वह १५ दिन में इसे संस्तुति करता था। सहायक नगर नियोजक, सहायक अभियंता एक दिन में इसे अग्रसारित करेगा। नगर नियोजक, अधिशासी अभियंता भी एक दिन में ही अग्रसारित करेगा।



## संजीव बालियान ने दी कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि

अलीगढ़, ३१ अगस्त (नेट)। केंद्रीय राज्यमंत्री व लोकप्रिय सांसद डॉक्टर संजीव बालियान के स्वास्थ्य में सुधार के बाद आज उन्होंने यहां स्व. कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि दी। आज स्वास्थ्य में सुधार होने के उपरांत, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं अलीगढ़ सांसद सतीश गौतम के साथ स्वर्गीय श्री कल्याण सिंह बाबू जी के अलीगढ़ आवास पर उनके पुत्र एटा से सांसद राजू भैया से मिलकर मंत्री संजीव बालियान ने सांत्वना प्रकट की।

# पाकिस्तान में उपद्रवी भीड़ ने जन्माष्टमी के दिन तोड़ी भगवान कृष्ण की मूर्ति

इस्लामाबाद, 31 अगस्त ( वार्ता ) पाकिस्तान में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय सोमवार को जब भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव पूरे हर्षोल्लास के साथ मना रहा था, तभी सिंध प्रांत के संघार जिले में उपद्रवी भीड़ ने एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की और भगवान कृष्ण की मूर्ति तोड़ दी। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य लाल मल्ही ने ट्वीट कर मंदिर को अपवित्र किये जाने और मूर्ति को तोड़े जाने की कड़ी निंदा की। उन्होंने मानवाधिकार मंत्री शिरीन मजारी को टैग करते हुए ट्वीट किया, ''खिप्रो-सिंध में मंदिर को अपवित्र किये जाने और भगवान कृष्ण की मूर्ति को तोड़े जाने की कड़ी निंदा करता हूं। कानून लागू करने वालों को मंदिरों और देवी-देवताओं पर बार-बार होने वाले हमलों को रोकने के लिए तेजी से कार्रवाई करनी चाहिए।'' सोशल मीडिया पर तस्वीरों में भगवान कृष्ण की मूर्ति को कई टुकड़ों में टूटा हुआ दिखाया गया है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरुआत में, पंजाब प्रांत में रहीमयार खान जिले के भोंग शहर में एक हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ करने के आरोप में कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। चार अगस्त को एक उन्मादी भीड़ ने शहर में एक गणेश मंदिर में तोड़फोड़ की और देवताओं की मूर्तियों को तोड़ दिया।

# भारत ने एशियाई युवा और जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीते 14 स्वर्ण सहित 39 पदक

नई दिल्ली, 31 अगस्त ( वार्ता ) प्रीति दहिया और तीन अन्य युवा महिला मुक्केबाज 2021 एएसबीसी एशियाई युवा और जूनियर मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम दिन चैम्पियन बनकर उभरीं। इनकी स्वर्णिम सफलता की बदौलत भारत ने दुबई में आयोजित की गई इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता में 14 स्वर्ण सहित कुल 39 पदक अपनी झोली में डाले।

भारत इससे पहले खेले गए जूनियर इवेंट में आठ स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदक सहित कुल 19 पदक पहले ही जीत चुका था। युवा मुक्केबाजों ने प्रतिष्ठित कॉन्टिनेंटल इवेंट में भारत की तालिका में 20 और पदक ( छह स्वर्ण, नौ रजत और पांच कांस्य ) जोड़े। खास बात यह रही कि पहली बार इस इवेंट के माध्यम से जूनियर और युवा दोनों आयु वर्ग के मुकाबले साथ-साथ खेले गए। बिश्वमित्र चोंगथम ( 51 किग्रा ) ने एशियाई चैंपियनशिप में युवा पुरुष वर्ग में पिछले सात वर्षों में भारत का पहला स्वर्ण जीता और विशाल ( 80 किग्रा ) ने पदक तालिका में एक और सोने का तमगा जोड़ा। इसी तरह नेहा ( 54 किग्रा ) ने युवा महिला वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। उनका मुकाबला सोमवार की देर रात खेला गया। वह 3-2 से विभाजित निर्णय से कजाकिस्तान की ऐशागुल येलुबायेवा के खिलाफ जीत हासिल करने में सफल रही। बाद में, प्रीति दहिया ने 2021 युवा विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कजाकिस्तान की ज़ुल्दिज़ शायाखमेतोवा के खिलाफ 60 किग्रा भार वर्ग के फाइनल में इसी तरह की जीत के साथ एक और स्वर्ण पदक भारत की झोली में डाला। इसके बाद स्नेहा कुमारी ( 66 किग्रा ) और खुशी ( 75 किग्रा ) ने भी अपने-अपने फाइनल में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक जीता। स्नेहा ने रेफरी स्टॉपिंग द कॉन्टेस्ट ( आरएससी ) के माध्यम से स्थानीय दावेदार रहमा अलमुर्शिदी पर जीत दर्ज की जबकि खुशी ने कजाकिस्तान की डाना दीडे को हराया। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ( बीएफआई ) अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''यह हमारे जूनियर और युवा मुक्केबाजों के लिए एक शानदार प्रदर्शन रहा है। 39 पदक जीतना एक सराहनीय उपलब्धि है और यह केवल भारत में हमारे पास मौजूद मुक्केबाजी प्रतिभा की गहराई को दर्शाता है। एक महासंघ के रूप में, हम देश भर से अधिक से अधिक युवाओं की पहचान करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि उन्हें विशिष्ट स्तर पर भविष्य के चैंपियन के रूप में तैयार करने के लिए सर्वोत्तम कोचिंग और मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। मुझे यकीन है कि इतने बड़े टूर्नामेंट में प्राप्त मूल्यवान अनुभव इन मुक्केबाजों को अपने लिए एक मजबूत रास्ता तय करने में मदद करेगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ( बीएफआई ) की ओर से,''मैं एक बार फिर सभी विजेताओं और कोचों और सहयोगी स्टाफ को इस सफल अभियान के लिए बधाई देता हूं, और उन्हें भविष्य के टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'' इस बीच अंतिम दिन अन्य युवा मुक्केबाज विश्वनाथ सुरेश ( 48 किग्रा ), निवेदिता कार्की ( 48 किग्रा ), तमन्ना ( 50 किग्रा ), सिमरन वर्मा ( 52 किग्रा ), प्रीति ( 57 किग्रा ), खुशी ( 63 किग्रा ), वंशज ( 64 किग्रा ), जयदीप रावत ( 71 किग्रा ) और तनीशबीर कौर संधू ( 81 किग्रा ) ने देश के लिए रजत पदक जीते।

## बुढ़ाना पुलिस ने वांछित बदमाश को किया गिरफ्तार

बुढ़ाना, ३१ अगस्त (बु.)। बुढ़ाना पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जनपद बरेली के थाना हाफिजगंज क्षेत्र से एक वांछित बदमाश को गिरफ्तार किया है, जबकि पुलिस ने बरेली से किसी को भी पकड़ने से इंकार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना निवासी शरीफ ने आज पत्रकारों को बताया कि उसका लड़का रियाजुद्दीन उर्फ राजा जनपद बरेली में कुश्ती सिखाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहा है। वह फिलहाल एक केस में वांछित चल रहा है। उसको बुढ़ाना पुलिस ने बरेली से गिरफ्तार किया है। फिलहाल उसके पेर में लोहे की कील चुभ जाने के कारण सेप्टिक बना हुआ है। पुलिस उसके साथ कुछ भी हादसा कर सकती है। उधर दूसरी ओर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार ने इस बात से बिल्कुल इंकार किया है कि उन्होंने बरेली से कोई बदमाश पकड़ा है।